## न्यूज़ ब्रीफ

### अचानक लापता हुई युवती, परिजन परेशान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित पिता के मुताबिक, उनकी बेटी 13 मार्च की रात अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों को इस घटना की भनक देर रात करीब तीन बजे लगी, जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन युवती का कहीं कोई पता नहीं चला। अहम बात यह कि 18 अप्रैल को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से युवती की अपनी मां से बात हुई। इस बातचीत के बाद उम्मीद जगी, लेकिन कुछ ही देर बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### रंजिश में सोते युवक पर चाकू से हमला

**कोठी, बाराबंकी :** कोठी थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना 24 अप्रैल की रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है, जब युवक घर के बाहर सो रहा था। जानकारी के अनुसार, रामादेवी पत्नी रामअवतार मूल निवासी ग्राम जैदपुर थाना फफूद जनपद औरैया वर्तमान में सरायंहिजरा में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रही हैं। उनके पुत्र बबलू पुत्र रामअवतार घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे, तभी आरोप है कि विपक्षी गौरव कुमार उर्फ शनि पुत्र सज्जन सिंह, निवासी प्रतापपुर थाना दिबियापुर जनपद औरैया ने पुरानी रंजिश के चलते बबलू पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में बबलू की गर्दन पर गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

# डीएम ने परखी जलजीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति

## 80% से अधिक पूर्ण परियोजनाओं के सत्यापन को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश



निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार



गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने तहसील हैदरगढ़ के ग्राम ओहरामऊ एवं नगर पंचायत हैदरगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता और प्रगति की जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने निर्मित पानी की टंकी, पाइपलाइन कार्यों तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों से संवाद कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों के पुनर्स्थापना (रेस्टोरेशन) कार्यों का भी जायजा लिया। कई स्थानों पर सड़क मरम्मत कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन के 80 प्रतिशत या उससे अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां नोडल अधिकारी नामित कर चेकलिस्ट के आधार पर सत्यापन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां सड़कों को पूर्व स्थिति में नहीं लाया गया है, वहां तत्काल गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना की निगरानी उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों द्वारा तथा शहरी क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी और संबंधित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। नगर पंचायत हैदरगढ़ में भी जिलाधिकारी ने पैदल भ्रमण कर पानी की टंकियों एवं पाइपलाइन कार्यों के चलते क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया। यहां भी पुनर्स्थापना कार्य संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़कों को पूर्व स्थिति में बेहतर गुणवत्ता के साथ ठीक कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना में गुणवत्ता, समयबद्धता और जनसुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गौ आश्रय स्थल में लापरवाही देख बिफरे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने विकास खण्ड मसौली के ग्राम प्यारेपुर सरैया स्थित गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों के लिए पेयजल, चारा, छायादार व्यवस्था और संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गर्मी के मौजूदा हालात को देखते हुए गौ आश्रय स्थलों पर पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पशुओं को लू से बचाने के लिए सभी जरूरी इंतजाम मजबूत रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गौवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं पूरी संवेदनशीलता के साथ संचालित हों। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि टीन शेड के ऊपर धूप से बचाव के लिए टाट की बोरी नहीं डाली गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेड के ऊपर टाट या अन्य उपयुक्त सामग्री डालकर तापमान नियंत्रित किया जाए, ताकि गौवंशों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही साफ-सफाई, जलापूर्ति और पशुओं की समुचित देखभाल में कोई कमी न रहने दी जाए।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन ने गंवाई जान, चार घायलों में एक रेफर

**बाराबंकी, अमृत विचार:** जनपद व आसपास के क्षेत्रों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन को जिला अस्पताल और एक को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। रामनगर क्षेत्र के ग्राम सिरकौली में भूसा लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रस्सी से खींचते समय रस्सा टूटने से ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें 45 वर्षीय संजय सिंह की दबकर मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र सुरक्षित बच गया। हैदरगढ़ क्षेत्र में बेलवा मजरे बहुता निवासी 30 वर्षीय धर्मराज रावत की केलनवा चौराहे के पास दो बाइकों की टक्कर में मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक सवार को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। कोठी थाना क्षेत्र के धौमनपुरवा मजरे सेमरावा निवासी 29 वर्षीय नंद कुमार गौतम को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रामसनेहीघाट क्षेत्र में बाकरगंज निवासी 20 वर्षीय सरवन ई-रिक्शा पलटने से घायल हो गए। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर दरियाबाद ओवरब्रिज के पास दो बाइकों की टक्कर में संतकबीरनगर के राघवेंद्र शुक्ला, हैदरगढ़ के नसीम सहित एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बहन की डोली संग उठी इकलौते भाई की अर्थी

**फतेहपुर, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने शादी की खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया। ग्राम गौरा मजरे करौंदी निवासी राजेश सिंह की बेटी आकांक्षा की शादी शनिवार रात धूमधाम से संपन्न हो रही थी। इसी बीच दुल्हन का इकलौता भाई अनुभव (24) बहन की विदाई से पहले होमगार्ड परीक्षा देने के लिए निकल गया था। रविवार तड़के करीब 4 बजे लखनऊ में मोहनलालगंज और निगोहां के बीच बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में अनुभव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी कुलदीप बाल-बाल बच गया।

### मजदूरी मांगने पर युवक को बेरहमी से पीटा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** बदोसरांय थाना क्षेत्र अंतर्गत मजदूरी मांगने गए एक युवक के साथ मारपीट कर जान से मरने की धमकी दी गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम कसरैलाडीह निवासी उषा देवी के पुत्र अमित कुमार 24 अप्रैल को सुबह अपनी मजदूरी के 6500 रुपये लेने के लिए गांव के ही रवि वर्मा के पास गए थे। आरोप है कि रवि वर्मा ने पैसे देने के बहाने अमित को अपनी गाड़ी पर बैठाकर किसी अज्ञात स्थान पर ले गया। वहां ले जाकर आरोपी ने अमित कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और डंडे से बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित के चीखने-चिल्लाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घायल अमित घर पहुंचे और घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

### जिला जेल में पक्षियों के लिए रखे जल पात्र



जिला कारागार में पक्षियों के लिए जलपात्र रखते जेलर व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार को निमदस संस्था के सहयोग से जिला कारागार परिसर में पानी पिलाओ, परिंदा बचाओ अभियान के तहत पक्षियों के लिए विशेष पहल की गई। जेल अधीक्षक कुंदन कुमार के निर्देशन में जेलर राजेंद्र सिंह ने पेड़ों के आसपास मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर रखवाया। इस दौरान जेलर ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों का अस्तित्व संकट में है और कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। ऐसे में मानवीय संवेदनाओं को जागृत कर उनके संरक्षण के लिए आगे आना जरूरी है। उन्होंने बंदियों व कर्मचारियों से पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने की अपील की। संस्था के प्रबंध निदेशक एस.के. वर्मा ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि पक्षी मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर उपकारापाल श्यामा चरण, अनिल सिंह सहित अन्य बंदीरक्षक मौजूद रहे और संस्था के इस प्रयास की सराहना की।



मरीजों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

### 40 मरीजों का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टीआरसी महाविद्यालय में अधिवक्ता पार्थ चतुर्वेदी एवं शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने आंखों की जांच कराई जिसमें 40 से अधिक को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी का उपचार कानपुर स्थित अस्पताल में किया जाएगा। अधिवक्ता ने बताया उन्हें यह सेवा भावना अपनी माता अंजू चतुर्वेदी और बुआ मनोरमा चतुर्वेदी से मिली है। बताया कि इस अभियान के माध्यम से अब तक करीब 3,000 से 4,000 लोगों को लाभ मिल चुका है। शिविर में मौजूद शंकरा आई हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने पार्थ चतुर्वेदी और रंजन मिश्रा के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए सराहनीय पहल बताया। इस मौके पर महाविद्यालय का स्टाफ, अस्पताल की विशेषज्ञ टीम और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### ससुराल में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**मसौली, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र के तिलपुरा गांव में एक 30 वर्षीय महिला का शव उसकी ससुराल में साड़ी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई राजकुमार ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन अंजली उर्फ किरण की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है। जानकारी के अनुसार दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम काटी की रहने वाली अंजली उर्फ़ किरण की शादी लगभग 12 साल पहले थाना क्षेत्र के ग्राम तिलपुरा निवासी पंकज से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें बेटा प्रतीक 9 और बेटी पंखुड़ी 3 हैं। रविवार सुबह फंदे से लटकते मिले शव को देख हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। त्रिलोकपुर चौकी प्रभारी संजय यादव ने बताया कि आत्महत्या की सूचना मिली थी।



विकास कार्यों का शिलान्यास करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### 63 करोड़ की लागत से हुए निर्माण कार्य का शिलान्यास

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** विस क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हुए रामसनेही घाट-हैदरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि एवं राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने किया। करीब 63.02 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क परियोजना क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। किमी एक से 18 तक प्रस्तावित सड़क के चौड़ीकरण से आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा। लंबे समय से जर्जर पड़ी इस सड़क के सुधरने से लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की मौजूदगी ने परियोजना का महत्व साबित किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, पवन सिंह रिंकू, रुपेश प्रताप सिंह 'लकी', नीरज सिंह, कमलेश शुक्ला, प्रदीप सिंह, ज्ञानेंद्र पाल और रेखा रावत आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सतीश शर्मा ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की लाइफलाइन बनेगी और आने वाले समय में विकास को नई गति देगी।

### प्रताड़ना से तंग होकर महिला ने लगाई थी फांसी

**मसौली, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र के ग्राम नौबस्ता में विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है। बताते चलें कि नौबस्ता की रहने वाली डाली वर्मा 6 फरवरी को ही ग्राम शौभनपुरवा निवासी आकाश वर्मा के साथ विवाह बंधन में बंधी थी। शुक्रवार दोपहर वह अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने मायके नौबस्ता आई थी जहां उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के पास से मिले सुसाइड नोट में उसने अपने पति, सास, ससुर और ननद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में डाली ने लिखा कि शादी के बाद उसे ससुराल में अपनापन नहीं मिला और लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। उसने आरोप लगाया कि पति द्वारा उसका अपमान किया जाता था, गाली-गलौज की जाती और दहेज को लेकर भी दबाव बनाया जाता था। साथ ही, उसे चरित्रहीन कहकर बदनाम करते हुए आर्थिक शोषण भी किया गया। नोट में यह भी लिखा कि वह जीना चाहती थी लेकिन लगातार प्रताड़ना के चलते उसने यह कदम उठाया।

### युवाओं ने सीखा मधुमक्खी पालन



मधुमक्खी पालन की जानकारी लेते युवा। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी :** ताराश्री फाउंडेशन द्वारा लीक से हटकर पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत सतरिख क्षेत्र के युवाओं के लिए रजौली स्थित मधुमक्खीवाला केंद्र पर एक्सपोज़र विजिट का आयोजन किया गया। इस दौरान 10 युवाओं व उनके अभिभावकों को मधुमक्खी पालन की पूरी प्रक्रिया बी बॉक्स प्रबंधन, मधुमक्खियों की देखभाल, शहद उत्पादन सहित मोम, पराग व प्रोपोलिस जैसे उत्पादों और उनके औषधीय उपयोग की जानकारी दी गई। केंद्र के संस्थापक निमित ने बताया कि मधुमक्खी पालन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। वहीं फाउंडेशन की संस्थापिका विभा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ते हुए उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने बी बॉक्स हैंडलिंग, शहद संग्रहण और सुरक्षा उपायों का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी लिया। इस अवसर पर टीम के अनीता, स्नेह लता, श्रीकांत, कुसुम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने की अग्निकांड पीड़ितों की मदद

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी



पीड़ितों का हाल जानने पहुंचे पूर्व विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ढेकवा माफी मजरे अमरा कटेहरा गांव में गुरुवार को हुए अग्निकांड को लेकर रविवार को भाजपा के पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ अमरा कटेहरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र अवस्थी, ग्राम रामसहाय प्रधान दया शंकर शुक्ला और श्रवण सिंह भी मौजूद थे।

पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवारों के मुखिया जसकरण और उनके बेटों कमलेश व इंद्रसेन से मिलकर आग से हुए नुकसान की जानकारी ली। वहीं प्रशासन द्वारा अब तक की गई मदद के बादे में भी पूंछा। इस दौरान पूर्व विधायक ने अपनी ओर से पीड़ित परिवारों को कपड़े, राशन और अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की।

उन्होंने आश्वासन दिया कि तहसील प्रशासन से आर्थिक सहायता के साथ ही मुख्यमंत्री आवास भी दिलाया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। यहां बता दें कि तहसील प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को राशन, तिरपाल और कम्बल जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है लेकिन आग लगने से पूरी तरह से बर्बाद पीड़ितों के लिए यह मदद ऊंट के मुंह में जीरा समान है।



भूसा दान के लिए किया जनसंपर्क। अमृत विचार

### 10 क्विंटल भूसा किया दान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रमुख सचिव पशुधन के निर्देश पर प्रशासन की मंशा अनुरूप अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल जरहरा में मौजूद निराश्रित गौवंश के लिए भूसा दान हेतु जनसंपर्क कर पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज कुमार वर्मा ने लोगों को जागरूक किया। जिससे प्रेरित होकर पंकज शर्मा निवासी ग्रीन गार्डन सिटी के द्वारा लगभग 10 कुंतल भूसा निराश्रित पशुओं हेतु शासन की नीति से प्रेरित होकर दान किया। उक्त मौके पर अखिलेश कुमार वर्मा, राम कलप शुक्ला इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट फावड़े से किया जानलेवा हमला

**रामनगर, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। ग्राम सिलौटा निवासी हरिप्रसाद पुत्र केशवराम ने पुलिस को तहरीर देकर अपने ही परिवार के रामसिंह पुत्र केशवराम और विक्रम सिंह पुत्र रामसिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार, उसके कोई संतान न होने के कारण आरोपी पिछले कई महीनों से उसकी जमीन और संपत्ति हड़पने के लिए दबाव बना रहे थे। पहले भी मारपीट और धमकी की घटनाएं हो चुकी थीं, जिसकी शिकायत थाने में की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने बताया कि 24 अप्रैल को वह अपनी पत्नी हंसरानी के साथ घर पर मौजूद था, तभी आरोपी गाली-गलौज करते हुए घर पहुंच गए। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने हरिप्रसाद और उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए भतीजे लवकुश यादव 17 पर भी हमला कर दिया गया। आरोप है कि विक्रम सिंह ने फावड़े से हरिप्रसाद और लवकुश के सिर पर वार किया, जिससे लवकुश का सिर फट गया और हरिप्रसाद के पैर में गंभीर चोट आई। घटना में घायल दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर लवकुश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सुढ़ियामऊ स्टेशन पर चला रेल मेध यज्ञ



चिकित्सा शिविर में जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी :** धर्म जागरण बाराबंकी धाम द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन पर विशेष आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक अमित अवस्थी अधिवक्ता के नेतृत्व में सीतापुर-गोंडा रेलमार्ग पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों को जल व मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, अर्जुन वर्मा, राकेश रावत, मनोज कुमार, सालिकराम वर्मा, रंजीत वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, बलकेश, राजमल कुरील, अजय कुमार, मोहन, श्रवण कुमार, रजनीश, उदय प्रताप वर्मा, पीयूष कुमार, उमेश चंद्र वर्मा, प्रतियोग रावत और लव कुमार पाठक सहित अनेक धर्मसेवकों ने सक्रिय सहयोग किया। दासगणु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित द्वारिका माई डेंटल हॉस्पिटल के तत्वावधान में लगाए गए दंत चिकित्सा शिविर में डॉ. ऋषिकांत शुक्ल, सहायक उदय प्रताप और मनोज कुमार ने दांतों की जांच कर दवाइयां वितरित कीं।

गर्मी का सितम | सुबह दस बजते ही सड़कें हो जा रहीं सूनीं, बाजार में शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

# पारा 42 डिग्री पार, लू के थपेड़ों से हाल बेहाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



तेज धूप से खुद को बचाने की कोशिश करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जमकर तप रहे बैशाख माह की भीषण गर्मी ने सुख चैन छीन लिया तो तपती दुपहरी ने जेठ माह को भी मात दे दी है। अन्य दिनों के मुकाबले रविवार को पारा 42 डिग्री के आसपास रहा। धूप का कहर इस कदर कि आमजन तो क्या पशु पक्षी भी बिलबिला उठे। दिन की कौन कहे अब तो रात भी देर तक गर्म होने लगी है। लोग गर्मी के आसन्न तेवर को लेकर हैरान परेशान हैं।

गर्मी के तेवर दिन प्रतिदिन तीखे ही होते जा रहे हैं। एक ओर लोग गर्मी की बात करते हैं तो दूसरे दिन जायका और बिगड़ जा रहा। रविवार को भले ही अवकाश के चलते सन्नाटे का माहौल रहा पर लोग भीषण गर्मी के चलते गर्म हुए घरों के भीतर ही परेशान हो उठे। पंखा कूलर किसी काम नहीं आया और जरा सी मेहनत के बाद लोग पसीने से नहा उठे।

रविवार को पारा 42 डिग्री के आस पास दर्ज किया गया। जिसका प्रमाण धूप के प्रचंड रूप और चलती लू से मिला। सूर्यदेव की तपिश के साथ गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों का बाहर निकलना दूभर कर दिया। घर हो या चौपहिया वाहन से सफर, एकमात्र एसी ही शरीर को ठंडा रखने में सफल दिखा। छुट्टी की वजह से बच्चे घर में ही कैद रहे तो बड़े जरूरी होने पर ही बाहर निकले। पूरी बाजार में भरी दुपहरी बेइंतहा सन्नाटा पसरा रहा, लोग छाता, शरीर ढकने के वस्त्र के साथ निकले तो शीतल पेयों की मांग चरम पर रही। सबसे बड़ी दिक्कत गर्मी का असर रात पर पड़ने को लेकर हो रही। पारा चढ़ने से अब देर रात के बाद ही लोगों को सुकून मिल रहा, इस बीच बिजली की आवाजाही ने उनका गुस्सा और बढ़ा दिया है।



एडीजी को स्मृति चिन्ह देते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### दीक्षांत परेड में 293 जवान पास आउट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में प्रशिक्षु आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अभिताभ यश ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले आरक्षियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने जवानों को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, ईमानदारी और पेशेवर पुलिसिंग के साथ कार्य करने, आमजन से मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा अपराध के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने के लिए प्रेरित किया। दीक्षांत परेड में 12 टोलियों के कुल 293 प्रशिक्षु आरक्षियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। वैभव दीक्षित को प्रथम परेड कमांडर, अभय प्रताप सिंह को द्वितीय तथा अंकित सिंह तोमर को तृतीय परेड कमांडर का पुरस्कार मिला।

### घर में दूसरी महिला संग मिला पति, विरोध पर पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में ससुराल पहुंची पत्नी को पति दूसरी महिला संग आपत्तिजनक अवस्था में मिला। विरोध करने पर पत्नी की पिटाई कर उसे भगा दिया गया। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति सुभाष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया कि उनका पति जहांगीराबाद में किराये के कमरे में रहता है। 25 अप्रैल की सुबह जब वह अपने पति के कमरे पर पहुंचीं, तो उन्होंने उसे एक अन्य महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। विरोध करने पर पति ने कथित रूप से सरिता देवी का गला दबाया और लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के बाद पति ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। इस घटना में उन्हें काफी चोटें आई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली से घर आये युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** दिल्ली की निजी कम्पनी में नौकरी कर रहा युवक आंबेडकर जयंती पर घर आया था। वापस लौटने की तैयारी के बीच ही उसने कमरें के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने दरवाज़े तोड़ कर उसका शव बाहर निकाला, पूरे मामले की जांच की जा रही है। कोतवाली देहात के भरिगवां निवासी 23 वर्षीय शिवम पुत्र नंदलाल अपने तीन भाई और दो बहनों में बड़ा था, शादी नहीं हुई थी, वह दिल्ली की एक निजी कम्पनी में नौकरी करता था। पिता नंदलाल ने बताया कि अम्बेडकर जयंती मनाने के लिए शिवम 13 अप्रैल को दिल्ली से गांव आया था, अगले दिन अम्बेडकर जयंती में शामिल भी हुआ, कुछ दिन टहलने-घूमने के बाद दिल्ली जाने की तैयारी कर रहा था। शनिवार को उसने साथ में बैठ कर खाना खाया, उसके बाद कमरें में चला गया। रविवार की सुबह दादी जशोदा ने उसे आवाज़ दी, लेकिन कोई जवाब नहीं आया, उसने अंदर झांका, जहां शिवम का शव फांसी फर लटक रहा था। पिता नंदलाल का कहना है कि उसे पता ही नहीं चला कि उसके पुत्र ने किस वजह से आत्महत्या की।

### भूमि विवाद में मारपीट मां व दो बेटियां घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सकहन मुसलमानान गांव में भूमि विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर महिला व उसकी दो बेटियों की जमकर पिटाई कर दी। घायलों को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की। सकहन मुसलमानान गांव निवाली जलील अहमद पुत्र बशीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका गांव निवासी तौफीक पुत्र शब्बीर से भूमि संबंधी विवाद है। इसी खुन्नस में शनिवार की देर शाम तौफीक अपने भाई तौहीद, शाहनवाज और मो. बशीर ने उसके घर पर चढ़ाई कर दी। दबंगों ने घर में घुसकर उसकी पत्नी सुबिया बेगम व दो बेटियों को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# अनियंत्रित कंटेनर की टक्कर से महिला की मौत, एक दर्जन घायल

## पेड़ से टकराकर हुआ बेकाबू, बाजार में दुकानदारों व खरीदारों को कुचला

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सवायजपुर रोड पर पेड़ से टकराया कंटेनर बेकाबू हो कर जगदीशपुर की बाज़ार में घुस गया। बाजार में उसने ऑटो, कई फलों के ठेलों और दो ई-रिक्शों को रौंद दिया। रविवार की सुबह हुए हादसे में सब्ज़ी खरीदने पहुंची महिला की मौत हो गई, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे सीएचसी बावन से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

रविवार को लोनार थाने के जगदीशपुर की बाज़ार में भीड़ बढ़ रही थी। उसी बीच तेज़ रफ्तार कंटेनर सवायजपुर रोड पर न्यूरादेव के पास पेड़ से टकरा कर बेकाबू हुआ और सीधे जगदीशपुर की बाज़ार में घुस गया। उसने एक आटो, फलों के कई ठेलों, दो ई-रिक्शे और पिकअप को रौद दिया। हादसे में वहां सब्ज़ी खरीद रही 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई, उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके अलावा लोनार निवासी पवन सिंह (28) पुत्र राकेश, रमेश पुत्र (40) झब्बू, उसी थाने के झौहाना निवासी मुकेश (35) पुत्र इंस्पेक्टर, उसी गांव के प्रवेश की पत्नी रुचि (28), बरवन निवासी मनोज की 6 वर्षीय पुत्री मुस्कान, पुरौरी निवासी 30 वर्षीय सुखराम पुत्र रामसनेही, पिंटू (32) पुत्र राकेश, रामपुर जटौली निवासी महेंद्र (50), उसका 52 वर्षीय बड़ा भाई हरीशचंद्र, औहदपुर निवासी खुशीराम (32) पुत्र दिल्ला, नरेश (38) पुत्र रामलाल और हादसे की चपेट में आ कर ज़ख्मी हुए जगदीशपुर निवासी बिरजू के प्रियांशु (12) को सीएचसी बावन से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि कंटेनर को कब्ज़े में लेते हुए उसके ड्राइवर को हिरासत में ले कर जांच शुरु कर दी गई है।

### ब्रेकर पर बाइक से उछलकर गिरी महिला की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बेटे के साथ बाइक पर बैठ कर जा रही महिला गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर ब्रेकर पड़ने पर उछलकर बाइक से नीचे गिर गई। सिर में गहरी चोट लगने पर उसे आनन-फानन एम्बुलेंस-108 से सीएचसी सवायजपुर पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते उसकी मौत हो गई। हरपालपुर थाने के निकाली गांव निवासी सुरेंद्र की 48 वर्षीय पत्नी गुनी देवी रविवार की सुबह अपने बेटे कमलेंद्र के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी की बारात में शामिल होने नगरिया गांव जा रही थी। कमलेंद्र ने बताया कि वह गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर चल रहा था, उसी के ब्रेकर पर पहुंचते ही बाइक उछल पड़ी, जिससे पीछे बैठी उसकी मां गुनी देवी सड़क पर गिर पड़ी। एम्बुलेंस-108 की मदद से मां को सीएचसी सवायजपुर पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई। इसका पता होते ही गुनी देवी के घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

## होटल के बाहर चाय पी रहे भाजपा नेत्री के पति को डंपर ने रौंदा, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाइक से रूपापुर जा रहे भाजपा नेत्री के पति रास्ते में एक होटल पर रुककर चाय पीने लगे। उसी बीच तेज़ रफ्तार डंपर ने टक्कर मारी और कुचलते हुए निकल गया, जिससे उनकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। सवायजपुर कस्बा निवासी भाजपा नेत्री ममता बाजपेई के पति सच्चिदानंद बाजपेई (50) पुत्र ओमप्रकाश बाजपेई रविवार की सुबह बाइक से रूपापुर जा रहे थे। रास्ते में नगरा कन्हारी के पास चाय के होटल पर रुके और वहीं बाइक के पास खड़े होकर चाय पीने लगे। तभी तेज़ रफ्तार डंपर ने टक्कर मारी और कुचलते हुए भाग निकला, इस तरह हादसा होते देख लोग चिल्लाते हुए दौड़ पड़े, उधर हादसे का पता होते ही सच्चिदानंद बाजपेई के घर वाले पहुंच गए, पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है, हादसे की जांच की जा रही है। खेती-बाड़ी करने के साथ सच्चिदानंद बाजपेई पत्नी के संगठनात्मक कार्यों में सहयोग करता था, परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और दो बेटियां है।


सच्चिदानंद की फाइल फोटो।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई, अमृतविचार।** सवायजपुर की बाज़ार से घर वापस लौट रहा बाइक सवार बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। सवायजपुर कोतवाली के औहदपुर निवासी 48 वर्षीय रामसागर पुत्र छोटेलाल शनिवार की शाम को बाइक से सवायजपुर की बाज़ार गया हुआ था, देर शाम को वहीं से वापस लौट रहा था, गांव के पहुंचते ही बेकाबू रफ्तार की चपेट में आते ही उसकी वहीं पर मौत हो गई। रामसागर खेती-किसानी करता था, उसके परिवार में पत्नी रीना, दो बेटे अमन, रमन और तीन बेटियां है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की बिगड़ी तबियत, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पति अपनी मां और बच्चों को लेकर बुआ के घर शादी में चला गया। उसके जाते ही पत्नी की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी माधौगंज से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। माधौगंज थाने के सहबदा निवासी टिंकल खेती-किसानी करता है, परिवार में उसकी 35 वर्षीय पत्नी पूजा और उसके तीन बच्चे है। शनिवार को टिंकल की बुआ के घर क्योटी ख्वाजगीपुर में शादी थी। शनिवार को वह अपनी मां और दो बच्चों को लेकर शादी में चला गया, पत्नी छोटे बच्चे के साथ घर में अकेली थी, रविवार की भोर पहर उसकी हालत बिगड़ गई, उसे वहां से उठा कर सीएचसी माधौगंज पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से उसे हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पूजा को लखनऊ ले जाया जा रहा था, उसी बीच नयागंव मुबारकपुर के पास हालत और बिगड़ गई, उसे 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक का शव घर में लटका मिला, हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मां के साथ घर में सो रहे उसके बेटे का शव वहीं फांसी पर लटका हुआ दिखा गया, उसका बड़ा भाई होमगार्ड की परीक्षा देने गया था, खेत पर गन्ने की सिंचाई कर उसके पिता भोर पहर घर पहुंचे, वहां उन्हे शव लटका दिखाई दिया। बड़े भाई का आरोप है कि आत्महत्या नहीं बल्कि उसके भाई को मार कर लटकाया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

कोतवाली देहात के जनकपुर मजरा नीर निवासी मंजेश वर्मा का 23 वर्षीय छोटा पुत्र अंकित वर्मा शनिवार को मां जयदेवी के साथ घर पर था, उसका बड़ा भाई रमाकांत होमगार्ड की परीक्षा देने गया और रात को अपनी ससुराल मन्नापुरवा में रुक गया था, पिता मंजेश वर्मा रात में खेत पर गन्ने की सिंचाई करने गया हुआ था। मंजेश ने बताया कि रविवार की भोर पहर घर लौटा, वहां छत की स्लैब की सरिया में उसके पुत्र अंकित का शव फांसी पर लटक रहा था। बड़े भाई रमाकांत का कहना है कि उसका भाई आत्महत्या नहीं कर सकता, आरोप है उसे मारकर लटकाया गया, लेकिन उसकी वजह नहीं बता सका, पुलिस जांच कर रही है।


अंकित की फाइल फोटो।

## झाड़-फूंक के नाम पर माता-पिता ने विवाहित बेटी को जमकर पीटा, मौत

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

- घटना के बाद से पूरा परिवार घर में ताला बंदकर हुआ फरार

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला मलकंठ में झाड़-फूंक के नाम पर माता-पिता ने अपनी विवाहित बेटी की बेहरमी से पिटाई की। गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद से पूरा परिवार घर में ताला डालकर बेटी को लेकर फरार हो गया है।

जानकारी के अनुसार निशा (30) पुत्री राजेंद्र की शादी हरियाणा में हुई थी और उसके दो बच्चे भी हैं। वह अपने पिता के साथ अपने चाचा शिवनंदन के घर मोहल्ला मलकंठ में एक पारिवारिक शादी में शामिल होने आई थी। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि राजेंद्र, उसकी पत्नी मिथलेश और परिवार की अन्य महिलाओं पर देवी आने' की बात कही जाती थी, जिसके चलते वे झाड़-फूंक जैसी गतिविधियों में लिप्त रहते थे।

बताया जाता है कि एक दिन पहले भी इसी परिवार ने पड़ोसी सर्वेश को घर बुलाकर केबल के कोड़े से बेरहमी से पीटा था, जिसकी शिकायत कोतवाली में की गई थी। घटना वाली रात जब परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे, तभी राजेंद्र और उसकी पत्नी ने अपनी ही बेटी निशा के साथ झाड़-फूंक के नाम पर मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान निशा की हालत गंभीर हो गई। मोहल्ले के ऑटो चालक गोल्डी के अनुसार राजेंद्र ने उसे बताया कि बेटी की तबीयत खराब है और उसे डॉक्टर के पास ले जाना है। जब अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों ने निशा को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से राजेंद्र, उसकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य घर में ताला डालकर फरार हैं। स्थानीय लोगों को आशंका है कि निशा की मौत मारपीट के कारण हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है, फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### बाइक सवार महिला को ट्रक ने रौंदा, मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** माखी थाना क्षेत्र के एक कलंदर खेडा निवासी राजकुमारी (46) पुत्र स्व. कमलेश की हंसाखेडा में चाची की मौत हो गई थी। रविवार को गंगाघाट थाना क्षेत्र के अगेहरा निवासी अपनी बहन राजरानी (42) बहनोई रामबाबू (45) के साथ बाइक से हंसाखेडा जा रही थी। तभी माखी थानाक्षेत्र के चकलवंशी-सरोसी मार्ग पर भूमेश्वर मंदिर के पास डंपर ने बाइक मे पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमारी सड़क पर गिर गई डंपर उसके पैर को कुचल दिया। उसकी बहन व बहनोई मामूली रुप से घायल हो गये। जिला अस्पताल से कानपुर हैलट ले जाते समय रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन उसे घटना स्थल पर ले गये जहाँ दरोगा दिनेश सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चार साल पहले पति की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी।

## विद्यालय प्रबंधक ने अभिभावक को धमकाया

संवाददाता, हरदोई

- वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए ने गठित की जांच कमेटी

**अमृत विचार।** नगर के सनबीम विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा एक महिला अभिभावक को धमकाने व उसकी बेइज्जती करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिस पर बीएसए ने एक कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए।

बताते चले कि नगर के सिविल लाइंस स्थित सनबीम स्कूल की प्रधानाचार्या ने यूकेजी में पढ़ने वाली एक छात्रा की माता को बुरी तरीके से बेइज्जत किया। अपशब्द कहने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पीड़ित अभिभावक ने जिलाधिकारी से भी प्रधानाचार्या की हरकत की शिकायत की। उसने कहा कि विद्यालय द्वारा बताई गई दुकान से वह कापियां नहीं ले पाई। उसके पति बाहर रहते हैं। 10 मई को पैसा मिलने पर कापी देने की जब उसने प्रधानाचार्या से कही तो वह भड़क गई और उन्हें गंवार सहित इंग्लिश में गालियां देते हुए बच्चों के नाम काट कर भगाने की बात कही साथ ही उन्हें विद्यालय से भगा दिया। प्रसारित वीडियो को संज्ञान में लेते हुए बीएसए अजित सिंह ने मान्यता प्राप्त न्यू सनबीम स्कूल में महिला के साथ बुरी अभद्रता की जांच करने के आदेश दिए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी बिलग्राम गिरिजेश कटियार, खंड शिक्षा अधिकारी नगर धोखे लाल राना तथा खंड शिक्षा अधिकारी माधौगंज की कमेटी बना दी। कमेटी को विद्यालय का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश बीएसए ने दिए।

### स्पीड ब्रेकर पर बाइक से गिरकर महिला की मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के रावल गांव निवासी शिवबहादुर की पत्नी संगीता (45) की सड़क हादसे में मौत हो गई। रविवार सुबह वह अपने बड़े बेटे आकाश के साथ पड़री रोड स्थित नथईखेड़ा गांव रिश्तेदारी में गई थीं। देर शाम लौटते समय उन्नाव-पड़री मार्ग पर जमुका गांव के पास बने स्पीड ब्रेकर पर बाइक चढ़ाते समय अचानक ब्रेक लगने से पीछे बैठी संगीता उछलकर सड़क पर गिर गईं। सिर में गंभीर चोट लगने पर आकाश उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई है।

### परिवार के साथ दिल्ली जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। युवक पत्नी व बच्चों को साथ लेकर दिल्ली जा रहा था। चचेरे भाई का आरोप है कि पत्नी के प्रेमी ने उसे चलती ट्रेन से धक्का देकर गिरा दिया, चूंकि वह पहले से उसे धमकी देता था। शनिवार की रात कछौना पुलिस को सूचना दी गई कि लखनऊ-दिल्ली रेलवे रूट पर दलेलनगर व बालामऊ जंक्शन के बीच 40 वर्षीय युवक का शव पड़ा है। तलाशी में बरामद हुए आधार कार्ड व मोबाइल से शव की शिनाख्त हुई। उसकी पहचान नागेंद्र राम पुत्र दुलारचंद निवासी वार्ड नंबर 14 बाबा थाना भभुआ ज़िला कैमूर बिहार के रूप में हुई। चचेरे भाई भीम ने बताया कि नागेंद्र मूकबधिर था, उसकी तीन बहनें है। मोचीगीरी करने वाले नागेंद्र के परिवार में पत्नी दो बेटे व तीन बेटियां है। भीम ने बताया कि उसकी पत्नी का प्रेम-प्रसंग चलता था, प्रेमी अक्सर नागेंद्र को धमकाता रहता था। बकौल भीम 21 अप्रैल को नागेंद्र पत्नी व बच्चें के साथ दिल्ली के लिए निकला था। साथ में पत्नी का प्रेमी भी था। भीम का आरोप है कि उसी प्रेमी ने उसके चचेरे भाई को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।


एच0सी0जे0 फार्म नं. 33 भाग 7

**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय
तह0 फतेहपुर, बाराबंकी
ता0 पेशी-07.05.2026

वाद संख्या सन् 2026 ई0

मोहम्मद नसीम आदि
बनाम
अमुनीरुल हसन आदि

1. श्रीराम पुत्र महादेव, निवासी- ग्राम गंगौली पर0 कुर्सी तह0 फतेहपुर जनपद बाराबंकी, 2.भगौती प्रसाद पुत्र राधेलाल नि0 गंगोली प्रतिवादी पर0 कुर्सी तह0 फतेहपुर जनपद बाराबंकी, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र सलिकराम, नि0 ग्राम सादामऊ, तह0 बक्शीतालाब, जिला-लखनऊ

चूंकि उपरिनामांकित में यह आवेदन किया है कि मु0 अ0 धारा 24 (1) अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 20 के के दिवस को बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंज्ञात हो और ऐसा करने असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीयरुप सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आप 20 दिवस की निकासी गई।

**आज्ञा से**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
**फतेहपुर बाराबंकी**


## 20 लाख की चोरी का खुलासा किरायेदार ने पार किए थे जेवर

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 20 लाख रुपये कीमत के जेवरात व 1.75 लाख रुपये मिले है। पुलिस के मुताबिक, 23 अप्रैल को सदर कोतवाली के एबी. नगर निवासी मनीष शुक्ला ने तहरीर देकर अपने घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान शक उनके मनीष के पूर्व किरायेदार राज पाण्डेय, उसकी पत्नी इंदु पर पुलिस का शक गहराया। इस पर जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हुसैन नगर की नहर पटरी से इंदु व कचौड़ी गली निवासी कुलदीप सोनी को पकड़ा। तलाशी में इंदु के पास से नगदी व सोने के जेवर मिले। वहीं कुलदीप के पास से भी जेवर व इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में इंदु ने बताया कि वह करीब तीन साल पहले किराए पर रहने आई थी। धीरे-धीरे मकान मालिक का भरोसा जीतकर घर में रखे जेवर पार करने को लेकर नजर रखने लगी। मौका पाकर उसने चाबी से बक्सा खोलकर जेवर चोरी कर लिए और बाद में कमरा खाली कर फरार हो गई। बताया कि उसने कुछ जेवर लखनऊ में बेच दिए।

### अलग-अलग स्थानों पर फंदे से लटके मिले शव नहीं हुई पहचान

**उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर व पुरवा कोतवाली अंतर्गत सूनसान स्थान पर पेड़ पर फंदे से दो युवकों के शव लटका देख लोगो में सनसनी फैल गई। फोरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम की जांच में दोनों शवों के पुराने होने की आशंका जताई गई है। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस दोनों के फोटो आसपास के थानों में भेजकर व सोशल मीडिया पर वायरल कर उनकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## बेकाबू डंपर की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, बेटी घायल

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर यमदूत बनकर दौड़ रहे डंपर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की जान चली गई। वहीं पीछे बैठी बेटी गंभीर घायल हो गई। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है। आलमऊ सराय गांव निवासी इरशाद (55) अपनी बेटी नगमा को हरदोई जिला के थाना मल्लावां क्षेत्र के मटियामऊ गांव स्थित उसकी ससुराल से विदा कराने गए थे। रविवार को वह बेटी को लेकर लौट रहे थे। तभी कोतवाली क्षेत्र उन्नाव हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें सड़क पर गिरे पिता-पुत्री गंभीर घायल हो गए। हादसे में साथ रहे नगमा के दो बच्चे बाल-बाल बच गए। लोगो ने एंबुलेस बुलाकर घायलों को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने इरशाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं नगमा की हालत ल गंभीर देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतक इरशाद की फाइल फोटो।


अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
भवन सं0 128/313 शंकराचार्य नगर कानपुर के मूल बैनामे दि0 27/06/ 1979 का पेज 2 घर में ही कहीं खो गया है जो बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिला। **बजेन्द्र पुत्र राम उजारे**

**सूचना**
श्रीमती सोनी सिंह बनाम सरकार ग्राम सोहांस परगना व तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा धारा-80 उ0प्र0राजस्व सहिंता 2006 गाटा संख्या-734/1.1810हे0 में से रकबा 0.0285हे0 को धारा-80 (1) उ0प्र0 राजस्व सहिंता 2006 घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/04/2026तक उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।
**उपजिलाधिकारी, मनकापुर-गोण्डा।**

**सूचना**
मैं **आरती देवी पत्नी हरद्वारी लाल, निवासी- ग्राम गुफ्फापुरवा मजरा जसराथपुर पोस्ट मिश्रिख तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर।** मेरे आधारकार्ड में आरती देवी पत्नी हरद्वारीलाल है जिसका आधार नं XXXX6287 है तथा मकान के बैनामे में रामरानी पत्नी हरद्वारी लाल अंकित है। यह कि आरती देवी व रामरानी एक ही महिला के नाम है।

**सूचना**
मैं **हनुमान प्रसाद पुत्र रामपाल, निवासी- ग्राम थानापट्टी तहसील सिधौली जिला सीतापुर,** मेरा आधार कार्ड संख्या 3430 0224 4605 व बचत खाता संख्या 31826943549 है। मेरे आधार कार्ड पर नाम रामचन्द्र अवस्थी दर्ज है जबकि बैंक पासबुक में मेरा नाम हनुमान प्रसाद दर्ज है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है तथा मैं रामचन्द्र अवस्थी व हनुमान प्रसाद दोनो नामों से जाना व पहचाना जाता है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है दोनों नामों को एक ही समझा जाय।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं **राम प्रकाश पुत्र राधेश्याम वार्ड सं-1 गांधी नगर, नगर पंचायत महराजगंज, थाना महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र मयंक कुमार मोदनवाल के गलत चाल चलन और समाज के प्रति आचरण अच्छा न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**
जगप्रसाद बनाम सरकार ग्राम तरैनी परगना बूढ़ापायर तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा धारा-80 उ0प्र0राजस्व सहिंता 2006 गाटा संख्या-239/0.2560हे0 मेंसे रकबा 0.0040हे0 को धारा- 80(2) उ0प्र0राजस्व संहिता 2006 घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/04/2026 तक उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।
**उपजिलाधिकारी, मनकापुर-गोण्डा।**

**सूचना**
भवन सं0 128/313 शंकराचार्य नगर कानपुर को स्वामी ब्रजेन्द्र कुमार द्वारा हिन्दूजा हाउसिंग फा0 लि0 में बंधक हेतु प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी वाद-विवाद, प्रकार का कोई भी वाद-विवाद नहीं है यदि किसी का कोई सत्व/ दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सर्म्पक करें अन्यथा उक्त सम्पति को बन्धक स्वीकार कर लिया जाएगा। शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट), चेम्बर नं0 24 बाबू लाल अधिवक्ता, भवन सिविल कोर्ट कानपुर, मो0- 9335063025


जताया विरोध

भाजपा नेता ने कर्मचारियों को लगाया तिलक

## चश्मा शोरूम में कथित ड्रेस कोड का विरोध

**उन्नाव, अमृत विचार।** आवास विकास कॉलोनी स्थित एक चश्मे के शोरूम में भाजपा नेता विमल द्विवेदी समर्थकों संग पहुंच गए। सोशल मीडिया पर वायरल कंपनी के कथित ड्रेस कोड (तिलक-कलावा पर पाबंदी और हिजाब की अनुमति) के विरोध में उन्होने स्टोर कर्मचारियों को तिलक लगाकर और भगवा पटका पहनाकर अभिनंदन किया। विमल द्विवेदी ने सीधे तौर पर कंपनी मैनेजमेंट पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे हिंदू बहुसंख्यक देश में तिलक, कलावा और बिंदी पर प्रतिबंध लगाना सनातन संस्कृति का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नीतियों में सुधार नहीं हुआ, तो जिले व आसपास के क्षेत्रों में शोरूम नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होने कहा अगर कंपनी को हिंदू प्रतीकों से परेशानी है, तो उसे भारत में व्यापार का हक नहीं। मैनेजमेंट अपने शोरूम इस्लामाबाद में खोल ले। शोरूम के भीतर जय श्री राम के उद्घोष के बीच उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल सांकेतिक विरोध है, सुधार न होने पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान राकेश राजपूत, अभी तिवारी, परिमल मिश्रा, अखिल मिश्रा, अलोक शुक्ल, अंकुर त्रिपाठी, शिव सेवक त्रिपाठी, अजय द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।



भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने कर्मचारियों का किया अभिनंदन। अमृत विचार

## जन आरोग्य मेले में मरीजों का हुआ परीक्षण, दीं दवाएं

**शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास क्षेत्र से मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 75 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, अमित कुशवाहा, मोनिका सक्सेना, सतीश कुमार मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम लोकपुर मजरा कुसुमा निवासी अवनीश राठौर पुत्र बिजेंद्र कुमार के अनुसार गांव निवासी आदेश कुमार पुत्र शम्भू दयाल ने 24 अप्रैल को उसे फोन कर बहन को मैसेज करने की शिकायत की। उसके द्वारा मैसेज करने से मना कर देने पर विपक्षी ने आपने भाई आशीष और शम्भू दयाल के साथ उसे गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। थाने के ग्राम जलालपुर निवासी राजकुमार पुत्र रामरूप के अनुसार 25 अप्रैल को सुबह गांव निवासी सचिन पुत्र रामचरन ने सियाराम पुत्र राजाराम और रामसेवक के साथ मिलकर पुरानी किसी रंजिश में उसे गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया।मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था का अधिकारियों ने लिया जायजा

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने की तैयारियों को लेकर आईजी सुरक्षा चन्द्र प्रकाश और आईजी रेंज किरण एस ने सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण कर एसपी अशोक मीणा को आवश्यक निर्देश दिए।

मल्लावां -मेंहदीघाट रोड पर बंदीपुर व कलेनापुर के बीच गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनाए गए टोल प्लाजा के पास 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण और जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर दिन रात काम चल रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर अब तीन दिन ही शेष है। ऐसे में युद्ध स्तर पर सारी तैयारी चल रही है। हरदोई, उन्नाव, शाहजहांपुर,कन्नौज,फर्रुखाबाद से लगभग सवा लाख लोगों के आने की उम्मीद लगाई जा रही है। आने वाले लोगों के वाहनों के लिए अलग-अलग कई पार्किंग बनाई जा चुकी है। जनसभा स्थल पर जो पंडाल लगाया गया था उसे बढ़ाया जा रहा है। मंच को पूरी तरह से तैयार कर साउंड और एयर कंडीशन भी लगा दिए गए है। पंडाल में कुर्सियां और गर्मी को लेकर पंखे व कूलर भी लग चुके है। कार्यक्रम में कोई कोर कसर न रह जाए उसको लेकर अधिकारी रात दिन एक किये हुए है।

रविवार को आईजी सुरक्षा चन्द्र प्रकाश और आईजी रेंज किरण एस ने एक बार फिर से सुरक्षा इंतजामों और मंच, पंडाल, हेलीपेड, पार्किंग का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर एसपी अशोक मीणा को निर्देश दिए कि सुरक्षा को लेकर अलर्ट रहे।





प्रधानमंत्री के मंच के आसपास स्कैनिंग करती एसपीजी की टीम व पार्किंग स्थल पर चल रही जेसीबी मशीन।



जनसभा स्थल पर बनाया जा रहा पंडाल। अमृत विचार

### एसपीजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**मल्लावां।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा को लेकर एसपीजी की टीम ने मंच को अपने अंडर में लेकर कोना -कोना मेटल डिटेक्टर्स, एक्स-रे स्कैनर और डाग स्काट से चेक किया। ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न रह जाए

### पीएम की सुरक्षा की निगरानी करेंगे 84 सीसीटीवी

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। लोकार्पण मंच व जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा की निगरानी के लिए 84 कैमरे लगाए जाएंगे जो आने जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। उसको लेकर भी तैयारी की जा रही है कि कैमरे कहां-कहां पर लगाए जाएं।




हेलीपैड से मंच स्थल तक जाने वाली सड़क को दुरुस्त करते कर्मचारी।

### हेलीपैड से मंच तक के संपर्क मार्ग की दूर की जा रहीं खामियां

**मल्लावां।** प्रधानमंत्री मोदी के हेलीपेड पर उतरकर सम्पर्क लेन से होकर मंच स्थल तक पहुंचेंगे, जिसके लिये सड़क का निर्माण हो चुका है, अब पुन: सड़क की तकनीकी खामियों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। रविवार को सड़क पर काम होता देखा गया।

### भाजपाइयों ने बैठक कर बनाई रणनीति

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला भाजपा कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन द्वारा की गई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनसभा मॉनिटरिंग टीम के सदस्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्येक बूथ स्तर से कार्यकर्ताओं और आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनसभा स्थल की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, और जनसंपर्क के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर उन्हें उनके उत्तरदायित्व सौंपे। मॉनिटरिंग टीम को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे आयोजन स्थल की सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और जनसुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण करें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, संदीप सिंह, सौरभ सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, ओम वर्मा जिला मंत्री सत्यम शुक्ला, निर्देश राजपूत, आईटी संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा, रामजी गुप्ता, ओम वीर सिंह, एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईजी ने आरक्षियों को बांटे नियुक्ति पत्र

## आरटीसी रिजर्व पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड समारोह का किया गया आयोजन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आरटीसी रिजर्व पुलिस लाइन के प्रांगण में 'रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। रिक्रूट आरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण के उपरांत शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ रहे।

मुख्य अतिथि ने परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा दी गई सलामी स्वीकार की। उन्होंने नवनियुक्त आरक्षियों को अनुशासन और कर्तव्य परायणता का पाठ पढ़ाया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुबोध गौतम , अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी लाइन्स आलोक राजनारायन, क्षेत्राधिकारी नगर अकिंत मिश्रा, क्षेत्राधिकारी प्रभा पटेल की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों सहित रिक्रूट आरक्षियों के परिवारीजन व भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। रिक्रूट परेड में नवनियुक्त जवानों के परिजन भी आए। अपने बच्चों की मेहनत देखकर वह फूले नहीं समा रहे थे। गौरवांवित परिजनों ने बच्चों के साथ सेल्फी लेकर खुशी को साझा किया।





दीक्षांत परेड में सलामी लेते अपर पुलिस महानिदेशक प्रवीण कुमार व सलामी लेते रिक्रूट आरक्षी। अमृत विचार

### पद एवं गोपनीयता की दिलाई गई शपथ

**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



परिजनों के साथ रिक्रूट आरक्षी। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री का संबोधन एवं सजीव प्रसारण

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। रिक्रूट आरक्षियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया।

# रविवार को 43 के पार पहुंचा पारा

**हरदोई, अमृत विचार।** लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ता चला जा रहा है। रविवार को 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने जिले का तापमान 43.5 डिग्री सेल्शियस पहुंचा दिया, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्शियस रहा। गर्म मौसम के चलते दोपहर पर सड़कों पर सन्नाटा छा गया। दोपहर बाद चहल-पहल शुरू हुई। शाम होते ही लस्सी व ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया।

जिले का तापमान लगातार बढ़ता चला जा रहा है। मौसम के गर्म मिजाज के चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने से एसी, कूलर की मांग बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के सामने जानवरों को नहलाने व पानी पिलाने की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। गर्मी बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थ, खरबूजा, ककड़ी, तरबूज की बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। लोग जरूरी काम से ही दोपहर को निकल रहे हैं। गर्मियां तेज होने से एसी, कूलर, पंखे चलने से पावर हाउसों पर भी लोड बढ़ रहा है। साथ ही घटिया पुराने तार व विद्युत उपकरण बार-बार खराब होने से लोगों को भीषण गर्मी में बिजली कटौती भी झेलनी पड़ रही है।



धूप से बचाव के लिए दुपट्टा से सिर ढककर जातीं युवतियां।

### खेत पर गए किसान ने की आत्महत्या, रस्सी से पेड़ में लगाई फांसी



**हरदोई, अमृत विचार।** निगरानी करने के लिए खेत पर पहुंचे किसान ने वहीं पेड़ से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया,मामले की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है। बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के जिलगांव निवासी 45 वर्षीय गिरीश कुशवाहा पुत्र लालाराम खेती-किसानी करता था,निगरानी के लिए वह शनिवार की शाम को खेत पर गया हुआ था,इधर खाना खाने के लिए देर रात तक घर वाले उसकी राह देखते रहे,लेकिन जब वापस नहीं लौटा,उसे ढूंढा जाने लगा,उसी बीच गिरीश का शव खेत पर खड़े शीशम के पेड़ में रस्सी से लटकता हुआ देखा गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। उसके परिवार में पत्नी नन्ही,तीन बेटे सुरजीत,राज बेटा और गुड्डू के अलावा उसकी दो बेटियां है।

# दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण रही भर्ती परीक्षा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा रविवार को शुरू हुई। तीन दिवसीय इस परीक्षा के दूसरे दिन अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा दी। सुबह और दोपहर की दोनों पालियां शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

जनपद में होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 के लिए कुल 25,056 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक पाली के लिए 4,176 अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में आवंटित किया गया है। यह परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होकर 27 अप्रैल तक चलेगी, जिसके लिए 10 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक, सीएसएन पीजी कॉलेज, आर्यकन्या डिग्री कॉलेज, महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर डिग्री कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गंगा देवी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आरआर इंटर कॉलेज और श्री वेणी माधव विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।



अभ्यर्थी के प्रपत्र की जांच करता सुरक्षा कर्मी।

### तेज़ हवा में गिरा पेड़ वृद्ध की दबकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से निकल कर खेत पहुंचा बुज़ुर्ग वहां खड़ा हुआ था,उसी बीच तेज़ हवाओं के बीच पास में खड़ा पापुलर का पेड़ फट गया और सीधे उसी के ऊपर गिर पड़ा,जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। माधौगंज थाने के गौतरा निवासी 75 वर्षीय श्रीकांत अवस्थी रविवार की सुबह अपने खेत पर गया हुआ था,उसी बीच तेज़ हवाएं चलने लगी,श्रीकांत वहीं पर रुक गया,उसी बीच पापुलर का पेड़ फटा और सीधे उसी के ऊपर गिर पड़ा,उसी पेड़ के नीचे दब कर वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। श्रीकांत के भाई रमाकांत ने बताया कि उसके पांच भाइयों में दो की पहले ही मौत हो गई थी,श्रीकांत ने शादी नहीं की थी।

# टॉपर छात्र-छात्राएं किए गए सम्मानित

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बच्चों के प्रति जितनी जिम्मेदारी मां-बाप की होती है उतनी ही स्कूल की भी होती है। मां बाप जरूरत पूरी करते हैं और अध्यापक उन्हें संस्कार देकर योग्य बनाता है। यह बात समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने कही।

पूर्व विधायक कैरियर पब्लिक स्कूल में आयोजित हाई स्कूल टॉपर पुरस्कार वितरण समारोह में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली टॉपर छात्रा अवंतिका को साइकिल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। द्वितीय टॉपर अपर्णा पांडे और तृतीय टॉपर उन्नति वाजपेई को ट्राफी और 21-21 सौ रूपये चेक का प्रदान किया। इसके अतिरिक्त अदनान, सलोनी देवल, मोहम्मद अयान, अफजा, जुनैरा, सिमरा खान, प्रांजल, सृष्टि, सायरा, आरोही एवं मोहम्मद उमैर को विशिष्ट अतिथि उमेश चौधरी और सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खां ने ट्राफी प्रदान की गई। विद्यालय के प्रबंधक डा. सलीम सिद्दीकी और प्रधानाचार्य परवीन खां ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिवानी त्रिवेदी, दीप्ति त्रिवेदी, रितेश, सलमान सिद्दीकी, शोभित दीक्षित, सुहेल सिद्दीकी, गुलनार, हुमा, भीम सिंह, खुशी गुप्ता, शबनम, अरीबा खान आदि मौजूद रहे।




छात्रा को साइकिल प्रदान करते हुए पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू।

- कैरियर पब्लिक स्कूल में हाई स्कूल टॉपर पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

### शराब सैल्समैन से हुई लूट, दी तहरीर

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार की रात एक शराब सेल्समैन को स्कूटी रोक कर पकड़ कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। कस्बे के मोहल्ला अन्नपूर्णा नगर निवासी सुनील गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह बघौली रोड़ पर तकियाधर्मपुर में देसी शराब ठेके पर सैल्समेन का काम करता है। शनिवार की शाम समय लगभग साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर अपनी स्कूटी से घर वापस लौट रहा था। टेड़िया गांव की अस्थाई गौशाला के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी को रोककर जबरन चाभी निकालकर डिग्गी में रखे लगभग 84 हजार रुपये, एक स्केनर मशीन, पेटीएम थम्ब निकाल कर कस्बे की ओर भाग गये।

कार्यक्रम | बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 24 साल बाद शाहाबाद आये प्रताप सिंह भदौरिया हुए भावुक

# पूर्व एसडीएम का वकीलों ने किया स्वागत, बताया न्यायप्रिय

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित आपसी मेलमिलाप कार्यक्रम उस समय यादगार बन गया, जब वर्ष 1998 से 2002 तक उपजिलाधिकारी रहे प्रताप सिंह भदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर पहुंचे। वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री के ओएसडी के रूप में कार्यरत भदौरिया ने अपने उद्बोधन में पुरानी स्मृतियों को जीवंत कर दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा शाहाबाद की यादें आज भी उनके मन में ताजा हैं। 24 वर्षों बाद यहां आकर ऐसा लग रहा है जैसे समय ठहर गया हो। आप सभी अधिवक्ताओं का स्नेह और अपनापन आज भी वैसा ही है। उन्होंने बार एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आपसी संवाद और विश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या के लिए वह सीधा संपर्क कर सकते हैं। बार एसोसिएशन अध्यक्ष विमलेश लोधी ने अपने संबोधन में भदौरिया के कार्यकाल को याद करते हुए कहा, आप जैसा न्यायप्रिय उपजिलाधिकारी न पहले आया और न आने की उम्मीद है। वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने भी तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्तमान में उपजिलाधिकारियों की कार्यशैली से अधिवक्ता वर्ग संतुष्ट नहीं है। अब न्याय प्राथमिकता नहीं रह गया है, व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। महामंत्री बलराम दीक्षित, उपाध्यक्ष गिरिन्द्र मिश्रा, आनंद वीर श्रीवास्तव, घनश्याम द्विवेदी, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अवधेश पाठक, रिजवान उल्ला खां और रामराज सिंह सहित कई अधिवक्ताओं ने एक स्वर में भदौरिया की न्यायशैली की प्रशंसा की। वर्तमान तहसील प्रशासन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अब निर्णयों में पारदर्शिता नहीं रही, बल्कि लेखपाल और पेशकारों के प्रभाव में फैसले लिए जा रहे हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है और वादकारियों को न्याय मिलना कठिन होता जा रहा है। पूरे आयोजन में अतीत की निष्पक्ष न्याय व्यवस्था और वर्तमान प्रशासनिक कार्यशैली के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया, जिसने उपस्थित जनों को सोचने पर मजबूर कर दिया।



कार्यक्रम में बोलते पूर्व एसडीएम प्रताप सिंह भदौरिया। अमृत विचार

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के गुलाब महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को एक भव्य प्रतियोगी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया। अपने संबोधन में विधायक प्रभाष कुमार ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। छात्रों ने यह साबित कर दिया किसी की सीमित संसाधनों में यदि संकल्प दृढ़ हो तो बड़े से बड़े लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि कोई भी संस्थान केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को मानसिक और रणनीतिक तौर पर तैयार करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक हरिश्चंद्र कुशवाहा, व्यवस्थापक नीलेश, अध्यापक सुमित वर्मा व दीपक अग्निहोत्री सहित अनेक लोग लोग मौजूद रहे।



मेधावी छात्र को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते विधायक प्रभाष कुमार।

- प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल युवाओं को विधायक ने किया सम्मानित

**न्यूज ब्रीफ**

### चाकू से खुद का रेता गला, हालत गंभीर

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर सीमा से सटे अमीरनगर गांव में एक युवक ने खुद का ही गला रेत लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चार दिन पहले उसके भाई की मौत हो गई थी, जिससे वो दुखी था। कोतवाली देहात क्षेत्र के अमीरनगर गांव में विपुल अपने घर पर था, बताते हैं कि चार दिन पूर्व उसके भाई की मौत हो गई थी, जिसके चलते वो काफी परेशान था। दोपहर बाद घर के भीतर अचानक चीख पुकार मच गई।

### शुगर फैक्ट्री में आम सभा का हुआ आयोजन

**बिसवां, सीतापुर :** शुगर फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन बिसवां की आम सभा का आयोजन स्व. गया प्रसाद भूषण के आवास पर किया गया। सभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए राम प्रकाश मिश्र को सभापति, योगेन्द्र सिंह को मंत्री तथा ब्रजेश कुमार अवस्थी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सभा में विजय सिंह, ब्रजभूषण पांडेय, हरिराम, गौरव, अलंकृत, राम कुमार तिवारी, अनूप अवस्थी, अभिषेक अवस्थी, अभय वर्मा, रामचंद्र, सुशील कुमार आदि रहे।

### अवैध शस्त्र समेत शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर कला पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी सिधौली विजयेन्द्र सिंह के मुताबिक, रामपुर कला पुलिस ने चेकिंग के दौरान भगवंतपुर निवासी शानू को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अदद तमंचा और कारतूसें बरामद हुई हैं।

# रफ्तार की मार: ट्रक की टक्कर से मां व बेटे समेत तीन की मौत

## सीतापुर-गोला मार्ग पर हुआ हादसा, वैवाहिक समारोह से लौट रहा था परिवार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



हिमांशु की फाइल फोटो।



सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइक। अमृत विचार



रेखा की फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** सीतापुर-गोला मार्ग पर देर रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में बाइक आ गई। सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। बताते हैं कि बाइक सवार मां-बेटे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे।

रामकोट थानाक्षेत्र का अरथाना निवासी हिमांशु पाण्डेय अपनी मां रेखा और मामी सुनीता बाजपेई के साथ रिश्ते की बुआ की शादी में लखीमपुर जनपद स्थित कल्लियां गांव गया था। बताते हैं कि वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हिमांशु पांडे (30) अपनी मां रेखा (50) और मामी सुनीता बाजपेई (45) के साथ वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक रामकोट थाना क्षेत्र के अंगरासी मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में हिमांशु और उनकी मां रेखा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मामी सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां सुनीता ने भी दम तोड़ दिया। रामकोट इलाके में हुई दुर्घटना के बाद पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया है। बताते हैं कि ट्रक तेज रफ्तार में था। इसी कारण हादसे के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए। उधर, वाहन को फंसता देख चालक छोड़कर फरार हो गया।

**घर का जिम्मेदार था हिमांशु:** हिमांशु के पिता की कपड़े की दुकान थी। परिजनों के मुताबिक, पिता के अस्वस्थ होने पर घर और दुकान का सारा काम हिमांशु के कंधे पर था। परिवार में एक साथ तीन मौतों के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

### हादसे में एक की मौत, आठ घायल

**सीतापुर, अमृत विचार :** संदना थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहला हादसा सुबह करीब 11 बजे सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर बरगदिया गांव के पास हुआ। यहां एक तेज रफ्तार कार और ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना शनिवार रात हिंडौरा गांव की है। यहां 52 वर्षीय मनोज शुक्ला ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेत पर भूसा लेने जा रहे थे। तभी अचानक सामने आए छुट्टा मवेशी को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर सड़क किनारे लगी सीमेंट की बेंच से टकरा गया। हादसे में मनोज ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने राहगीर को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष मान सिंह पाल ने बताया कि शव र पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### भीषण गर्मी के चलते आरोग्य मेले में सन्नाटा

**खैराबाद/ सीतापुर:** विकासखंड परसेंडी के आरोग्य मंदिर पीएचसी रिखौना में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। हालांकि, आसमान से बरसती आग और बढ़ती तपिश के कारण मेले की रौनक फीकी नजर आई। सुबह 11 बजे के बाद अस्पताल परिसर में सन्नाटा पसर गया और इक्का-दुक्का मरीज ही नजर आए। पीएचसी पर तैनात आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कश्यप ने बताया कि दिन भर में कुल 23 मरीज पहुंचे, जिनमें 9 पुरुष, 8 महिलाएं और 6 बच्चे शामिल थे। इनमें से 4 मरीजों का फीवर पैनल टेस्ट किया गया, जबकि अधिकांश मरीज पेट और त्वचा संक्रमण से ग्रसित थे। दो मरीजों में डायरिया और पेचिश के लक्षण पाए गए। देना गांव के रामजीवन व पकरिया धापूपुर के मेवालाल ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। मरीजों का कहना कि वे चार दिनों से पेट की समस्या से जूझ रहे हैं।



टॉपर को डॉ. कलाम की पेंटिंग देते लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मेराज अहमद।

### मेधावियों से मिले लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी

**महमूदाबाद, सीतापुर :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश स्तर पर जिले का मान बढ़ाने वाली मेधावी छात्राओं कशिश वर्मा और शिखा वर्मा के आवास पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मेराज अहमद अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने छात्राओं और उनके परिजनों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाध्यक्ष मेराज अहमद ने कहा कि कशिश और शिखा की यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के कोषाध्यक्ष नबी अहमद, जिला उपाध्यक्ष यशपाल यादव, जिला सचिव अब्दुर्रहमान, जिला सचिव शाहबुद्दीन सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को सफाई के प्रति किया जागरूक

**विश्व मलेरिया दिवस**

- ग्राम पंचायत मुलायमपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता खैराबाद/सीतापुर




जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत मुलायमपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को मलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र वर्मा ने बच्चों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। कहा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

जिला मलेरिया अधिकारी जितेन्द्र चौधरी व उनकी टीम ने चार्ट पेपर के माध्यम से जानकारी साझा की। प्रधानाध्यापिका अन्नपूर्णा रस्तोगी व शिक्षक स्टाफ के नेतृत्व में बच्चों ने शपथ ली और गांव में जागरूकता रैली भी निकाली। इस मौके पर मलेरिया इंस्पेक्टर अंकित श्रीवास्तव, फाइलेरिया इंस्पेक्टर आर्यन शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लो वोल्टेज से सिंचाई ठप, किसान परेशान

संवाददाता खैराबाद / सीतापुर

**अमृत विचार:** लो वोल्टेज की समस्या से विकास खण्ड खैराबाद के कई गांव जूझ रहे हैं। आलम ये है कि कई स्थानों पर सिंचाई के लिए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

बिजली संकट का सीधा बिरैंचा, सरैंय्या सानी, रहीमाबाद सहित अन्य स्थानों पर देखने को मिल रहा है। किसान सियाराम, उमाशंकर, अंकित, रमेश, रामकिशन, परभू, सुमित, पप्पू आदि का कहना है कि लो वोल्टेज से खेती पर पड़ा है। कारण, गन्ना, सब्जियों आदि की फसलों में पानी की जरूरत है, लेकिन ट्यूबवेल न चलने से फसलें खेतों में ही सूखने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द लो वोल्टेज की समस्या से निजात नहीं मिली तो फसलों पर बुरा असर पड़ सकता है। उधर, राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव का कहना है कि खैराबाद विकास खण्ड क्षेत्र के अलावा कई और इलाको में भी समस्या है। तकनीकि कारणों से लो वोल्टेज हो जाता है, हवाएं चलती है सप्लाई बंद हो जाती है। तो उसके चलते लाइने टूट जाती है। इसका समाधान है कि अण्डरग्राउण्ड तार डाला जाए तो बेहतर रहेगा। इसमें विभाग को नीतिगत फैसला लेने की जरूरत है।

# होमगार्ड भर्ती: केंद्रों में तलाशी के बाद मिला प्रवेश



परीक्षा केंद्र में लाइन लगाकर प्रवेश करते अभ्यर्थी। अमृत विचार



उजागर लाल कॉलेज स्थित केंद्र पर निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। सात केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा में पांच हजार से कम अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। डीएम-एसपी दोनों पालियों में भ्रमणशील रहे।

नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पहली पाली में ही अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। अभ्यर्थियों के जूते- मोजे उतारकर चेक किया गया। घड़ी, चेन और अंगूठी भी केंद्र के बाहर उतरवा दी गई।

महिला अभ्यर्थियों के लिए चेकिंग की अलग से व्यवस्था थी। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा आरंभ हुई। दूसरे दिन 5952 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन कई अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा किया। ऐसे में संख्या पांच हजार से कम रही। बता दें कि परीक्षा के पहले दिन 1513 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी।

### डीएम ने जाना परीक्षा केंद्रों का हाल

होमगार्ड परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने खुद मोर्चा संभाला और परीक्षा केंद्रों का हाल जाना। शहर के उजागर लाल इंटर कॉलेज में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच की और कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी व्यवस्था परखी। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापक को कड़े निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी न होने पाए। बता दें कि पहले दिन हुई परीक्षा में पेयजल व्यवस्था आदि की समस्या को अमृत विचार ने उठाया था।



घर के बाहर धरने पर बैठे सांसद सीतापुर। अमृत विचार

### गाजीपुर प्रकरण में सांसद हाउस अरेस्ट, हंगामा

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** घर से निकलते समय सीतापुर सांसद को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस का मानना है कि सांसद गाजीपुर मामले में घर से निकलकर जा रहे थे। इस कारण उन्हें रोका गया है, उधर, सांसद राकेश राठौर ने पुलिस के इस रवैय्ये से नाराज होकर घर के बाहर निकलकर सड़क पर बैठ गए और आमरण अनशन का ऐलान कर दिया। मान-मनौव्वल का क्रम देर तक जारी रहा। सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर देर शाम घर से निकल रहे थे। इसी दौरान एसडीएम जर्नादन कुमार, सीओ सिटी कपूर कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए और उन्हें बाहर निकलने से रोक लिया। सांसद का दावा है कि उनके साथ पुलिस ने धक्का मुक्की की, जो अधिकारों का हनन है। ऐसे में नाराज सांसद सड़क पर धरना देकर बैठ गए और आमरण अनशन का ऐलान कर दिया।

### कार की चपेट में आई मोटरसाइकिल, दो युवकों की मौत

**बिसवां, अमृत विचार :** सदरपुर क्षेत्र के बिसवां-रेउसा रोड पर धामी सराय के देर शाम सड़क हादसा हुआ। रेउसा की ओर से आ रही बाइक को बिसवां की तरफ जा रही अर्टिगा कार ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोहम्मद जैब (25) पुत्र मीनू निवासी मोहल्ला पटेलनगर, कोतवाली बिसवां तथा मोहम्मद अनस (23) पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी कामंगरी टोला, कोतवाली बिसवां के रूप में हुई है।

### खोया हुआ मोबाइल मालिक को मिला

**सीतापुर, अमृत विचार :** सीओ सिधौली विशाल गुप्ता के मुताबिक, थानाध्यक्ष अटरिया लाल बहादुर मिश्रा द्वारा खोए / गुमशुदा मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल पर ट्रैक कर बरामद मोबाइल फोन को उसके धारक को सुपुर्द किया गया।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी और सदस्य। अमृत विचार

### हत्या के विरोध में बिफरी शिल्पकार सभा

**सीतापुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के बैनर तले को विभिन्न संगठनों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में गाजीपुर के थाना करंडा अंतर्गत ग्राम कटारिया में हुई हिंसक घटना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया है। महासभा के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा जब एक दलित किशोरी के साथ हुई जघन्य घटना की जानकारी लेने पहुंचे थे, तब उन पर और उनके समर्थकों पर जानलेवा पथराव किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। संगठन ने मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए, मृतका के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा व सुरक्षा दी जाए तथा कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जाए। इस दौरान रामसुमिरन शर्मा, उत्तम कुमार शर्मा, आशीष शर्मा रुद्राक्ष, रामू विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाई ने पैसे नहीं दिए तो रची हत्या की साजिश, चार बंदी

**खुलासा**

- एसओजी की तत्परता से कोतवाली नगर पुलिस को मिली सफलता
- व्यापारी की हत्या की रची गई थी साजिश, बाराबंकी जनपद के हैं तीन शूटर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



पुलिस की गिरफ्त में बाराबंकी के शार्प शूटर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पैसा जो न कराए वो कम है, रिश्ते के भाई ने उधार लिये गए पैसे वापस नहीं किये तो उसकी हत्या की साजिश ही रच डाली, एसओजी की तत्परता से कोतवाली नगर पुलिस ने बाराबंकी के तीन शूटरों को गिरफ्तार किया। इनके साथ साजिशकर्ता व्यापारी भी पकड़ा गया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के गुप्ता कॉलोनी निवासी गौरव गुप्ता और मुकेश गुप्ता रिश्ते के भाई हैं। क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के मुताबिक, वर्ष 2014 में जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर दोनों के बीच 50 लाख लेन-देन की बात प्रकाश में आई है। बताते हैं कि दस लाख वापस हुए, शेष एक पक्ष को न मिल सके। इसी बात से क्षुब्ध होकर गौरव गुप्ता ने मुकेश गुप्ता की हत्या को लेकर अपने बाराबंकी जनपद के कुर्सी थानाक्षेत्र स्थित बेलवा टिकैतपुर निवासी अमरजीत यादव से संपर्क किया। दस लाख की डील में दो लाख 80 हजार रुपये शार्प शूटरों को मिल चुके थे। रविवार को हत्या की साजिश में आए अमरजीत यादव, बाराबंकी जनपद के ही घुंघटेर थानाक्षेत्र स्थित नारदपुर निवासी राजू यादव, जमौलिया निवासी गुड्डू और साजिशकर्ता गौरव गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। इनके पास असलहे-कारतूसों के अलावा कार भी बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि शातिरों से विस्तार से पूछताछ की जा रही है।

**फिर चर्चा में आया हेमपुर नेरी पुल:** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हेमपुर नेरी पुलिस गत वर्ष पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या हुई थी। बताते हैं कि इसी पुल/ अन्य एक स्थान को शार्प शूटरों ने हत्या के लिए चुना था। इसको लेकर जनवरी माह से लेकर अब तक चार बार नेरी स्थित मुकेश गुप्ता की मोटरसाइकिल एजेंसी के करीब भी शार्प शूटरों का जाना हुआ।

#### हाईवे की जमीन से शुरू हुई थी रार

बताते हैं कि केशव ग्रीन सिटी के नजदीक एक भूमि खरीदी गई थी। आरोपी पक्ष ने पूछताछ में बताया है कि उस भूमि को बिना बताए ही बेच दिया गया था। दस लाख रुपये तो मिले, लेकिन शेष रकम नहीं मिली।

#### बाराबंकी के अपराधियों का साथ

गिरफ्तार शार्प शूटरों में अमरजीत यादव का पुराना आपराधिक इतिहास है, बाराबंकी में डकैती और गैंगेस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। अन्य पर भी अभियोग दर्ज हैं। इस मौके पर एसओजी प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक अरविंद शुक्ला, उप निरीक्षक प्रिंस सोनकर और पुलिस टीम के अलावा कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक अवधेश यादव सहित अन्य शामिल रहे।

**आयोजन** पुलिस लाइन में रिक्रूट महिला आरक्षियों का दीक्षांत समारोह संपन्न, पुलिस महानिदेशक पुलिस आवास निगम रहे मुख्य अतिथि

# पुलिस महकमे को मिले 589 नए सिपाही, देश सेवा की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता सीतापुर



शपथ लेतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार



आरक्षी को पुरस्कृत करते पुलिस महानिदेशक पुलिस आवास निगम साथ में एसपी।

**अमृत विचार:** रिजर्व पुलिस लाइन में रिक्रूट महिला आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 भव्यता के साथ संपन्न हुआ। महीनों के कठिन प्रशिक्षण के बाद महिला आरक्षियों की नई खेप उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार का अभिन्न हिस्सा बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक पुलिस आवास निगम डॉ. केएस प्रताप कुमार रहे।

समारोह का मुख्य आकर्षण महिला रिक्रूट्स की दीक्षांत परेड रही। परेड कमांडर प्रियांशी के नेतृत्व में महिला आरक्षियों ने शानदार मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परेड का निरीक्षण कर रिक्रूट्स के अनुशासन की सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे सभी ने सुना। आरक्षियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ देश सेवा की शपथ ली। पुलिस महकमे को मिले 589 नए सिपाही मिले। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिव बालक वर्मा, आरटीसी प्रभारी पंकज तिवारी, उद्घोषक राज शर्मा, शालिनी के अलावा प्रशिक्षु आरक्षियों के परिजन भी मौजूद रहे।

**मेधावी आरक्षी हुई पुरस्कृत:** विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला आरक्षियों को पुरस्कृत किया गया। कंचन त्रिवेदी (पुलिस इतिहास), पूजा यादव, श्वेता शाक्य, अंकिता मिश्रा (संविधान), प्राची शर्मा, क्षमा सचान, ज्योति राजपूत और नंदनी देवी ने विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनीषा यादव को शारीरिक प्रशिक्षण, मंदाकिनी को पदाति और कुंती देवी को शस्त्र प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ चुना गया।

**इन्होंने भी पाया सम्मान:** परेड कमांडरों में प्रियांशी, प्रियंका और मोहिनी यादव को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रशिक्षक के रूप में उपनिरीक्षक लाल सिंह और रजनी मौर्या को पुरस्कृत किया गया।

# पथरीले रास्तों से गुजरते हैं 50 गांवों के राहगीर

**मिश्रिख, सीतापुर:** मिश्रिख नहर चौराहा से वजीरनगर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य के चलते डाली गई पत्थर और बजरी अब राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। अकबरपुर गांव के पास से लेकर विजनापुर गांव के आगे तक कई स्थानों पर ट्रकों द्वारा पूरी सड़क पर पत्थर और बजरी डाल दी गई है, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय वासी रिशी, राहुल, रमाकांत, निशांत, सुनील सिंह आदि के अनुसार सड़क निर्माण के नाम पर डाली गई बजरी को अभी तक समतल नहीं कराया गया है। इसके कारण दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं साइकिल सवार और पैदल चलने वाले राहगीरों को भी चलने में काफी मुश्किल हो रही है। यह मार्ग उरदौली, बीहट गौर, वजीरनगर, महसोनिया, फुलरूवा सहित करीब 50 गांवों को मुख्य कस्बा मिश्रिख से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। रोजाना हजारों लोग इसी मार्ग से बाजार, अस्पताल और अन्य कार्यों के लिए मिश्रिख आते-जाते हैं।

न्यूज ब्रीफ

## पिकअप की टक्कर से युवक घायल

**डलमऊ, अमृत विचार :** डलमऊ के मोहल्ला खटिकाना निवासी गुलाब सोनकर पुत्र राम लखन सोनकर मुराई बाग की ओर खीरे का ठेला लेकर जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने उसे डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डायल 112 के चालक संजय कनौजिया और कमांडर अरविंद सिंह यादव ने पीछा कर धैताली का पुरवा मोड़ के पास से पिकअप को पकड़ लिया। पकड़े गए पिकअप चालक की पहचान मिथुन पुत्र संजय सिंह चौहान निवासी समतपुर असोथर जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। उसे डलमऊ कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

## शोरूम से सामान चोरी करने वाले गिरफ्तार

**सलोन, अमृत विचार :** सलोन कोतवाली अंतर्गत सूची कस्बे के रंजीत अग्रहरी के पी टू स्टाइल्स शोरूम से चोरी करने वालों को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ लिया है। शनिवार शाम लगभग सात बजे के करीब आशीष कुमार पुत्र चन्द पाल निवासी केवलपुर खैहरानी पहाड़गढ़ थाना जगतपुर और सौरभ साहू पुत्र इंद्रपाल साहू निवासी खराहनी सैदपुर थाना ऊंचाहार शोरूम में दाखिल हुए। इस दौरान दोनों चोरो ने शोरूम के कपड़े में लगे टैग सेंसर को तोड़कर कपड़ो को चोरी करना शुरू कर दिया। दुकानदार ने बताया कि दोनों को रंगे हाथ चोरी करते हुए पकड़ा है। सूची चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार ने बताया कि अभियुक्तों के पास से चोरी का माल बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को दुकानदार की तहरीर के आधार पर पकड़कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्तों के पास से चोरी का कपड़ा बरामद हुआ है।

## चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, अमृत विचार :** पैमाइश की गई भूमि से पत्थरगढ़ी के दौरान गाड़े गए पोल व तार उखाड़ने के आरोप में एसडीएम के आदेश पर महराजगंज कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बे के अनिल कुमार ने उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके नाम सरकारी अभिलेखों में भूमि दर्ज है। कब्जे के सम्बन्ध में उसने राजस्व संहिता की धारा 24 के अंतर्गत वाद दायर किया गया था। जिसके बाद राजस्व टीम ने अक्टूबर 2023 में पैमाइश की है। उसी भूमि पर न्यायालय के आदेश पर 30 मार्च 2026 को राजस्व टीम द्वारा पत्थरगढ़ी कराते हुए खम्भे गाड़कर तार लगवाया गया था। आरोप है कि पूरे मूडू मजरे अतरेहटा निवासी अखिलेश, हरीगेंद, विक्रांता व उसकी पत्नी द्वारा पोल व तार उखाड़े जाने का विरोध करने पर विपक्षीगणों ने उसके साथ मारपीट की। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी गौतम सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अखिलेश, विक्रांता, हरीगेंद व विक्रांता की पत्नी समेत चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

## हादसे में युवक की मौत से मचा कोहराम

**लालगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश सिंह के छोटे भाई लाल मणि सिंह के इकलौते बेटे निशांत सिंह को लखनऊ में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद पुलिस की गाड़ी से उन्हें लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। उत्तरा गौरी निवासी लाल मणि सिंह के पुत्र के निधन पर अरुण कुमार सिंह, डॉ एमडी सिंह ,राजेश सिंह फौजी, राम प्रताप सिंह, शेर बहादुर सिंह, बृजेंद्र बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, आशीष प्रताप सिंह, अवनेंद्र सिंह आदि ने शोक जताया है।

# फंदे पर लटका मिला किशोरी का शव, मचा हड़कंप

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मतरौली के मजरे पूरे पासिन में एक 16 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे के अंदर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव के हरकेश की पुत्री कुसुम (16 वर्ष) रविवार को घर के अंदर एक कमरे में थी। इसी दौरान उसने संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी का फंदा बनाया और छत के पंखे के कुंडे से लटक गई। काफी देर तक हलचल न होने पर जब परिजनों ने कमरे में देखा, तो कुसुम का शव फंदे से लटकता मिला। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। हालांकि, आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार कुसुम सरल स्वभाव की थी, जिसके चलते इस आत्मघाती कदम से हर कोई स्तब्ध है।

# वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, परिजनों में कोहराम

हादसा

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बीती रात घर से नौटंकी देखने जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र के सोतवा खेड़ा डेरा के रहने वाले अंसार (40) बीती रात करीब साढ़े दस बजे घर से कोडरा गांव नौटंकी देखने जा रहे थे। जैसे ही वह सरेनी - भोजपुर मार्ग के महाराजपुर गांव के आगे पुलिया के पास पहुंचे तो चार पहिया वाहन के अज्ञात चालक ने उसे कुचल दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई । घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में कोतवाल रमेश चंद्र यादव का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। लेकिन पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। शीघ्र चालक पकड़ा जाएगा ।


मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

### सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**बछरावां, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंदनगंज गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बचने के चक्कर में बाइक सवार पिता पुत्र डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए। सलालपुर दरीबा निवासी अंकुर चौधरी पुत्र शिवकरण (26) अपने पिता शिवकरण स्व. दरबारी लाल (55) को बाइक से लेकर बछरावा सिलेंडर लेने आ रहे थे। तभी वह दुर्घटना का शिकार हो गया। आसपास मौजूद लोगों द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, अटौरा:** गुरुबक्शगंज थाने के अटौरा बुजुर्ग गांव निवासी वैभव (24) पुत्र रामशंकर रविवार की सुबह किसी कार्य हेतु बाइक से दुर्गागंज जा रहा था। रास्ते में दुर्गागंज बाजार के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें वह घायल हो गई। दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। आसपास के लोगों द्वारा घायल को सीएचसी जतुआ टप्पा ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल कर दिया गया। अटौरा चौकी इंचार्ज सुमित श्योरान ने बताया कि डंपर की तलाश की जा रही है।

**दुर्घटना में दो युवक घायल, शिवगढ़:** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भौसी निवासी शिवा पुत्र राम मनोहर और राजू पुत्र कधई लाल रविवार को अपने एक रिश्तेदार को पोखरा छोड़कर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान अहलादगढ़ पेट्रोल पम्प के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. डॉ.प्रेमशरन ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# लू और प्रचंड गर्मी से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

## जनजीवन अस्त-व्यस्त: लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे, लॉकडाउन जैसे नजर आए हालात

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। रविवार को दोपहर में सड़कें वीरान रहीं और लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे, जिससे हालात "लॉकडाउन"जैसे नजर आए। सड़कों पर इक्का-दुक्का ही नजर आए। बाजारों में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा।

लगातार एक हफ्ते से अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। रविवार को तड़के ही तेज धूप के साथ गर्मी से लोग परेशान दिखे। सुबह नौ बजे से ही सूरज की तपिश लोगों को झुलसाने लगी। दोपहर होते-होते आसमान से आग बरसने का एहसास होने लगा।लगभग 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओ से जनजीवन प्रभावित रहा। स्थित ये रही कि दोपहर होते-होते बाजारों में सन्नाटा पसर गया, और सड़कों पर आवागमन लगभग ठप सा हो गया। गलियां सूनी नजर आई हैं, जिससे सड़को पर हालात 'लॉकडाउन' जैसे नजर आने लगे। कस्बे से लेकर गांव तक गर्मी का असर सब देखने को मिल रहा है। हाल यह है कि ताल तलैया तक सूखने लगे है। पशु पक्षी पानी की तलाश में भटक रहे। प्रशासन की ओर से तालाबों को भरवाने के लिए कोई प्रबंध नहीं किया गया है। इससे दिनोदिन लोगों की मुश्किल बढ़ती जा रही है।


राष्ट्रीय राज्यमार्ग सलोन बाईपास पर लॉकडाउन जैसा पसरा सन्नाटा।

**गर्मी से अस्पतालों में बढ़ने लगे मरीज:** गर्मी बढ़ते ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। तेज धूप, लू और बढ़ते तापमान का असर सीधे लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी), लू लगना (हीट स्ट्रोक), उल्टी-दस्त और पेट संबंधी बीमारियां, चक्कर आना, कमजोरी और बेहोशी आदि के मरीज ज्यादा हैं। डॉक्टरों के अनुसार, दोपहर के समय बिना जरूरत घर से बाहर निकलने पर खतरा बढ़ जाता है। शरीर में पानी की कमी और तेज गर्मी मिलकर गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कई मरीज तेज बुखार, उल्टी-दस्त और चक्कर की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड में भी हीट स्ट्रोक के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है।

### भीषण गर्मी से बचाव के उपाय

- अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थ (ओआरएस, नींबू पानी, छाछ) का सेवन करें।
- धूप में निकलते समय सिर ढककर रखें।
- हल्के और सूती कपड़े पहनें।
- दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक बाहर जाने से बचें।
- बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखें।
- स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की अपील की है।

### पुलिस मुठभेड़ में इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डलमऊ पुलिस द्वारा मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी वांछित आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात मुखबिर की सूचना पर मकनपुर तिराहे के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान देर रात आईटीबीपी के सामने ग्राम भटनी हार के पास एक संदिग्ध कंटेनर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वाहन सवार दो बदमाश भागने लगे और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बरेली के रहने वाले नजमुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाएं पैर में गोली लगी है। उसे पहले सीएचसी डलमऊ भेजा गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं उसका साथी मो. सुबीन अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस टीम गठित कर दी गई है। गिरफ्तार नजमुद्दीन थाना डलमऊ में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में 50 हजार का इनामी वांछित था। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और कंटेनर बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, शस्त्र अधिनियम समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज होने की जानकारी दी है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।


घायल आरोपी को अस्पताल ले जाते पुलिस कर्मी।

### आरोग्य मेले में 56 मरीजों का उपचार

**जगतपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के हरदी टीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 56 मरीजों का उपचार किया गया। ग्रामीणों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए इस मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की।

डॉ. सुफैल अहमद के नेतृत्व में आयोजित मेले में खांसी, जुकाम, बुखार, उच्च रक्तचाप, एनीमिया, एलर्जी समेत विभिन्न सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को मौके पर ही उपचार उपलब्ध कराते हुए निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। डॉ. अहमद ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए आरोग्य मेले का नियमित आयोजन किया जा रहा है, जिससे लोगों को नजदीक ही उपचार की सुविधा मिल सके। मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही और लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया।


रोगियों का उपचार करते डॉक्टर।

# बोर्ड बैठक आज, विकास के मुद्दे पर गहमागहमी होने के आसार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक से पहले ही शहर की सियासत गर्म हो गई है। प्रस्तावित करीब दो अरब रुपये के बजट को लेकर सभासदों के बीच मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। कई सभासदों ने आरोप लगाया है कि बजट में वार्डों के विकास कार्यों का संतुलन नहीं रखा गया है, जिससे कुछ क्षेत्रों की अनदेखी हो रही है।

सूत्रों के मुताबिक सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, नाली निर्माण और पेयजल योजनाओं को लेकर सबसे ज्यादा आपत्ति जताई जा रही है। सभासदों का कहना है कि पिछले वर्ष स्वीकृत कई कार्य अभी तक अधूरे पड़े हैं, ऐसे में नए प्रस्तावों को शामिल करने से पहले पुराने कार्यों की समीक्षा जरूरी है।

वहीं, नगर पालिका प्रशासन का दावा है कि बजट में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखा गया है और सभी वार्डों के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बताया कि बैठक को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और एजेंडे के अनुसार ही कार्यवाही कराई जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि बैठक के दौरान सभासद अपने-अपने वार्डों के मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे, जिससे बहस के साथ हंगामे की स्थिति भी बन सकती है।

**नामित सभासद पर सबकी टिकी निगाहे:** इस बार बोर्ड बैठक में शासन से नामित सभासद भी शामिल होंगे। ऐसे में हंगामा होने लाजिमी है। गौरतलब है कि नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर कांग्रेस पार्टी से हैं। वहीं शासन की ओर से नामित सभासदों का जुड़ाव भाजपा से है। ऐसे में पहली बार बैठक में शामिल होने जा रहे नामित सभासदों के द्वारा विकास के मुद्दे पर अध्यक्ष को घेरा जाना तय है। अब देखना है कि पालिका अध्यक्ष और ईओ किस प्रकार से बैठक में सभी को संतुष्ट करते हैं।

- बजट को लेकर सभासदों के बीच मतभेद खुलकर सामने आने लगे


नपाप अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर।


नपाप ईओ स्वर्ण सिंह।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग से मचा हड़कंप

हादसा

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक मुख्य बिजली ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर आग के गोले में तब्दील हो गया और धू-धू कर जलने लगा। आग इतनी भयानक थी कि आसमान में काले धुएं का गुबार दूर से ही देखा जा सकता था। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना तहसील प्रशासन और बिजली विभाग को दी। आग की गंभीरता को देखते हुए तहसील स्थित फायर ब्रिगेड के साथ-साथ एनटीपीसी की फायर ब्रिगेड टीम को भी मौके पर बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

आगजनी की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी आलोक, विनीत और जेई अनुपम त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग बुझने के तुरंत बाद विभाग द्वारा मरम्मत और बहाली का कार्य शुरू कर दिया गया। अवर अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना के कारण ऊंचाहार नगर के निवासियों को भीषण गर्मी में घंटों तक बिना बिजली के रहना पड़ा, जिससे दैनिक कामकाज प्रभावित हुआ। फि

**चौराहे पर धू-धूकर जला ट्रांसफार्मर, रातभर गुल रही बिजली, जगतपुर:** कस्बे के मुख्य चौराहे पर शनिवार देर रात करीब 11 बजे लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक धू-धू कर जल उठा। ट्रांसफार्मर में आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग ने तत्काल आपूर्ति बंद कर दी, जिसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ट्रांसफार्मर जलने से पूरे कस्बे की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में रातभर अंधेरे में गुजारनी पड़ी। बिजली बाधित होने से पेयजल संकट भी गहरा गया और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार सुबह ऊंचाहार से ट्राली ट्रांसफार्मर मंगवाकर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। विभागीय टीम ने तेजी दिखाते हुए दोपहर करीब 2 बजे आपूर्ति बहाल कर दी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। अधिशासी अभियंता उमेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ विशाल सिंह कुशवाहा व अवर अभियंता चंद्रेश पटेल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है।


आग से जलता ट्रांसफार्मर।

### पेंट की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

**संवाददाता, रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रिफॉर्म क्लब बी गेट के सामने जिला अस्पताल चौराहा–सुपरमार्केट रोड पर स्थित न्यू भारत पेंट की दुकान में देर रात भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि पूरी दुकान जलकर राख हो गई। इसमें लाखों रुपये का नुकसान होना आका जा रहा है। दुकान संचालक फैज खान ने बताया कि वह रोज की तरह दुकान रात करीब 8 :30 बजे बंद करके घर चले गए थे। इसके बाद करीब 10 बजे उनके मोबाइल पर सूचना आई कि दुकान में आग लग गई है। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि पूरी दुकान आग की चपेट में है और लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो चुका है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत और घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### आवास दिलाने के नाम पर वसूली की दें सूचना

**महराजगंज।** नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लिए चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने रविवार को प्रकाश नगर वार्ड में डोर–टू–डोर जनसंपर्क कर लाभार्थियों को जागरूक किया। इस दौरान प्रभात साहू ने लाभार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई भी कर्मचारी या बिचौलिया आवास के नाम पर अवैध वसूली या रिश्वत की मांग करता है, तो वे तुरंत इसकी शिकायत नगर पंचायत कार्यालय में करें। उन्होंने सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान का प्रयास भी किया।


लोगों से बात करते चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू।

### मेधावियों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**शिवगढ़, अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के आए परीक्षा परिणाम में सर्वोदय आदर्श इंटर कॉलेज, कुकहा रामपुर के मेधावी छात्र–छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय, क्षेत्र एवं अभिभावकों का नाम रोशन कर दिया है। छात्र–छात्राओं की शानदार सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय के संस्थापक जगदम्बा प्रसाद तिवारी, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने मेधावी छात्र–छात्राओं का मुंह मीठा कराकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया है।

रते में मंदाकिनी विश्वकर्मा ने 78 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। बबीता सिंह ने 75 .8 प्रतिशत दूसरा, विवेक ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान अर्जित किया। वहीं हाईस्कूल में प्रज्ञा विश्वकर्मा और साजन सिंह ने 88 .83 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला, शिवांश सिंह ने 88 .16 प्रतिशत अंक दूसरा स्थान, शिवा ने 87 .83 प्रतिशत तीसरा, रेखा ने 86 .66 प्रतिशत चौथा और आन्या वाजपेई ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में पांचवा स्थान अर्जित किया। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने कहाकि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। बालिका अनुभाग के विभागाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने सभी छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत और निरन्तर प्रयास का परिणाम है कि यूपी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करके क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है।


मेधावी छात्राओं को सम्मानित करतीं शिक्षिकाएं।

मुलाकात

## जिलाधिकारी ने समस्याओं को गंभीरता से लेने का दिया आश्वासन

# डीएम से मिले बार अध्यक्ष, अधिवक्ताओं के हितों पर की चर्चा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश तिवारी ने नवागंतुक जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जनपद के अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की।

मुलाकात के दौरान अध्यक्ष एडवोकेट राकेश तिवारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पार्किंग तथा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की। साथ ही न्यायिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अपेक्षा जताई कि नवागत जिलाधिकारी अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करेंगी। इस पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देकर जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुलाकात के दौरान बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**पार्किंग की समस्या से जूझ रहे अधिवक्ता व वादकारी:** दीवानी परिसर में लंबे समय से अधिवक्ता व वादकारी पार्किंग की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशान होना पड़ रहा है। बस स्टेशन से कानपुर और कलेक्ट्रेट रोड पर दीवानी के इर्द-गिर्द पूरे दिन जाम लगा रहता है। कई बार व्यापारियों ने भी इस मुद्दे को उठाया, लेकिन कोई हल नहीं निकला।


जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका को बुकें भेंट करते सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट राकेश तिवारी। अमृत विचार

## होमगाड्र्स परीक्षा में 1877 अनुपस्थित रहे

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित होमगाड्र्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में 2547 अभ्यर्थी उपस्थित व 957 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में 2585 अभ्यर्थी उपस्थित व 920 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनो पालियों में 5132 अभ्यर्थी उपस्थित व 1877 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाए की गई है, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### चंदन त्रिवेदी ने अनुराग को भेंट की रामायण

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार :** रामभक्त चंदन त्रिवेदी ने आजीवन रामचरितमानस वितरण के क्रम में अनुराग तिवारी को उनके निज आवास पर श्री रामचरितमानस भेंट किया। इस अवसर पर रिंकू मिश्रा, रमेश शुक्ला, विनय त्रिवेदी सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे। सभी ने निरन्तर कई महीनों से चल रहे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की सराहना की। अनुराग तिवारी ने बताया कि सनातन प्रहरी के रूप में पूरे क्षेत्र में अनवरत चला आ रहा रामचरित मानस वितरण कार्यक्रम इस युग मे अत्यंत दुर्लभ है।

### आग लगने से भूसा व गेहूं जला

**सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार :** शिवरतनगंज के बसंतपुर मजरे सेमरौता गांव में अज्ञात कारणों से रविवार को भूसा गोदाम मे अचानक भीषण आग लग गई। अग्निकांड में करीब सौ कुंतल भूसा व बीस कुंतल गेहूं जल गया।बसंतपुर गांव निवासी सुरेश सिंह ने घर के पीछे पशुओं के भूसा रखने के लिए दीवार बनाकर उसी पर टीन शेड रखकर गोदाम बनाया था ।उसी के अंदर भूसा और गेहूं भी रखा हुआ था।रविवार सुबह दस बजे के लगभग अज्ञात कारणों से लगी सूखी घास में आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे सफल नहीं हो सके। लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल विभाग समय पर मौके पर नहीं पहुंचा।पीड़ित गृह स्वामी के अनुसार केवल भूसे और गेहूं का नुकसान हुआ है बाकी कोई जन हानि नहीं हुई है,जानवर उस समय धूप होने कारण अलग थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार :** इन्हौना व शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए हैं जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से चिकित्सालय पहुंचाया गया है पहली घटना शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के निकट हुई जहां पर बाराबंकी जनपद के सुबह थाना क्षेत्र के कुड़वा गांव निवासी घिरराऊ पुत्र रामजस सातन पुरवा से अपने रिश्तेदारी से वापस आ रहा था तभी महेशपुर के निकट एक गाय से टकराकर चोटिल हो गया जिसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। दूसरी घटना लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर इन्हौना से आगे पेट्रोल पंप के पास हुई। एसओ विवेक सिंह ने बतायाकि कमरौली थाना क्षेत्र के महुआबोझ निवासी सुनील योगी अपनी बाइक से हैदरगढ़ की तरफ जा रहा था तभी इन्हौना से आगे पेट्रोल पंप के निकट बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे उसे गंभीर चोट आई है 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया है।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार :** शिवरतनगंज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अहोरवा भवानी मार्ग पर जल निगम की टंकी के पास से रोककर एक व्यक्ति कक तलाशी ली, जिसमें उसके पास प्लास्टिक के डिब्बे में दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही उसे हिरासत में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। पकडे गए अभियुक्त की पहचान अरुण कुमार कश्यप निवासी हंसराजपुर थाना मवई जनपद अयोध्या के रूप मे हुई है।

# बिना किसी भेदभाव के ईमानदारी से जनसेवा करें

## दीक्षांत परेड में आईजी इंटेलिजेंस उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने ली सलामी, उत्कृष्ट रिक्रूट हुए सम्मानित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गौरीगंज स्थित नवीन पुलिस लाइन में रविवार को रिक्रूट सिपाहियों का भव्य दीक्षांत परेड समारोह अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। प्रशिक्षण पूरा कर चुके सिपाहियों ने शानदार मार्चपास्ट कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी इंटेलिजेंस उपेंद्र कुमार अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने परेड की सलामी ली और नवप्रशिक्षित जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ जनसेवा करने का संदेश दिया।



सलामी लेते आईजी इंटेलिजेंस उपेंद्र कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट सिपाहियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।प्रशिक्षण पूरा कर चुके सिपाहियों ने शानदार मार्चपास्ट और ड्रिल के जरिए अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। विभिन्न टोलियों में नव प्रशिक्षित आरक्षियों ने बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाते हुये शानदार मार्च पास्ट किया गया और मुख्य अतिथि को सलामी दी। परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर प्रथम अंकुल यादव के साथ परेड कमाण्डर द्वितीय आकाश यादव व परेड कमाण्डर तृतीय दिलीप कुमार ने किया। इसके बाद समारोह में सम्मलित सभी लोगों द्वारा मुख्यालय लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। जिसमें मुख्यमंत्री ने नव आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुये उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराया। इन विषयों पर दिया गया प्रशिक्षणः प्रशिक्षण प्रभारी राजकुमार की टीम द्वारा आरक्षियों को परेड, शस्त्रों की जानकारी, जंगल व अन्य क्षेत्रों में कांबिंग, कानून, न्यायालय, साक्ष्य संकलन, बीटबुक, जनता के साथ व्यवहार आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दिलाई गई शपथः नव आरक्षियों को संविधान के प्रति निष्ठा और बिना किसी भेदभाव के ईमानदारी से जनसेवा करने की शपथ दिलाते हुये औपचारिक रूप से उन्हें पुलिस बल की मुख्यधारा में शामिल कर लिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और सिपाहियों के परिजन आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिले को मिले 454 नए सिपाही

दीक्षांत परेड के साथ जिले को कुल 454 नए सिपाही मिले हैं, जिससे कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है। इनमें से 194 सिपाहियों का प्रशिक्षण अमेठी में, जबकि अन्य का प्रशिक्षण पीटीसी उन्नाव में हुआ। वहीं 91 महिला सिपाहियों ने रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# लीकेज सिलेंडर से लगी आग, नौ झुलसे व तीन की हालत गंभीर

डीह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे बरगदी मजरे बरुवा गांव में रविवार को खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण अचानक आग लग गई। हादसे में एक ही परिवार के नौ लोग झुलस गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, शिव शंकर मिश्रा पुत्र राम उजेर मिश्रा के घर पर खाना बनाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग की चपेट में आकर मंजू मिश्रा पत्नी शिव शंकर मिश्रा, कुलदीप मिश्रा पुत्र शिव शंकर मिश्रा और अशोक मिश्रा गंभीर रूप से झुलस गए। तीनों को पहले सीएचसी डीह ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इसके अलावा अनिल मिश्रा पुत्र संत कुमार मिश्रा, आशीर्वाद मिश्रा पुत्र संत कुमार मिश्रा, रिचा मिश्रा पुत्री अनिल मिश्रा, संगीता मिश्रा पत्नी सुनील मिश्रा, संत कुमार मिश्रा पुत्र देव नारायण मिश्र और उमेश तिवारी पुत्र हरी तिवारी भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। इन सभी को सीएचसी डीह में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



आग लगने के बाद वीरान पड़ा घर।

**भीषण आग से हरिजन बस्ती में कई घर जलकर राख, अमेठी:** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सराय हीरमती हरिजन बस्ती, मजरे मोचवा में रविवार को अचानक लगी भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कई कच्चे मकान व छप्पर नुमा भी इसकी चपेट में आ गए और जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची, लेकिन खबर लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच सकी थी। ऐसे में ग्रामीणों ने पुलिस के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आने से घरों में रखा सामान, अनाज और घरेलू वस्तुएं पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 1290 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को आठ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न हुई। कुल पंजीकृत 5280 अभ्यर्थियों में से 1290 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जिससे उपस्थिति को लेकर सवाल भी उठे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई।

पहली पाली में 1996 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि दूसरी पाली में 1994 परीक्षार्थी शामिल हुए। पहली पाली में 644 और दूसरी पाली में 646 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन के अनुसार, दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर जाने दिया गया। सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को रोका जा सके। सुबह और दोपहर के समय परीक्षा केंद्रों के आसपास भारी भीड़ के कारण जाम की स्थिति बनी रही। कई अभ्यर्थियों को समय पर केंद्र तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारु न होने से परीक्षार्थियों और उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ी। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। सुरक्षा और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी गई, और आगे भी भर्ती प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा कराया जाएगा।

# विज्ञान, गणित और दर्शन की जननी है संस्कृत भाषाः अजय कुमार

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में संचालित 'गृहे-गृहे संस्कृतं' योजना के अंतर्गत सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का समापन बचपन स्टडी ग्रुप विद्यालय, अरखा में किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षु जानवी के मंगलाचरण से हुआ।

विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रशिक्षिका सीमा शुक्ला के साथ बच्चों ने संस्थान गीत एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। प्रतिभा प्रदर्शन सत्र में रुपेंद्र ने संख्यागीत, रिदा ने श्लोक गायन, अंशुमान ने संस्कृत गीत एवं सूरज ने संस्कृत में अपना परिचय प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के शुद्ध उच्चारण और आत्मविश्वास की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रशिक्षिका ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत भाषण के साथ कक्षा की प्रास्ताविकी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह योजना चलाई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों एवं ग्रामवासियों से इस योजना में सहयोग करने तथा संस्कृत संभाषण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

**आयोजन**



कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

समापन सत्र में मुख्य अतिथि ने इतने कम समय में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए प्रशिक्षिका सीमा शुक्ला के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, "संस्कृत भाषा केवल पूजा-पाठ की भाषा नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, गणित और दर्शन की जननी है। बच्चों को प्रारंभ से ही संस्कृत से जोड़ना अत्यंत सराहनीय कार्य है। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार से हमारी संस्कृति और भी समृद्ध होगी।" कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की इस पहल को बेहद उपयोगी बताया।

# बेटे की मौत की खबर पर सदमे में पिता की हार्ट अटैक से मौत, मचा कोहराम

सिंहपुर (अमेठी)

**शोक की लहर**

- सेमरौता-कठोरा मार्ग पर बीते दिन हुआ था सड़क हादसा

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरौता-कठोरा मार्ग पर शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। हादसे में बेटे की मौत की खबर पर सदमे पिता की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। एक साथ दो मौतों से परिचनों में कोहराम मचा रहा।

जानकारी के मुताबिक दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में हरिहर पुर निवासी 17 वर्षीय मोहम्मद अरमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 वर्षीय मोहम्मद कैफ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दोनों को तत्काल तिलोई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अरमान को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कैफ की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद घटना ने उस समय और भी दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब लखनऊ में हार्ट का इलाज करा रहे कैफ के पिता कलीम का पांच दिन पूर्व हार्ट का ऑपरेशन हुआ था बेटे के दुर्घटनाग्रस्त होने और अरमान की मौत की सूचना मिली। बेटे की हालत और हादसे की खबर सुनते ही कलीम को गहरा सदमा लगा, जिससे उन्हें हार्ट अटैक आ गया। परिजन उन्हें संभाल पाते, इससे पहले ही उनकी भी मौत हो गई। इस दोहरी त्रासदी से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक ही दिन में दो मौतों से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव और आसपास के क्षेत्र में भी शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं।

**संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला, जामो:** थाना जामों क्षेत्र अंतर्गत ग्राम व पोस्ट राजामऊ में रविवार को लगभग 6 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान हरिप्रसाद पुत्र स्वर्गीय रतिपाल के रूप में हुई है। खबर लिखे जाने तक अभी कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है फिलहाल मृतक के तीन बच्चे हैं और 12 साल की बड़ी बेटी है,

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरिप्रसाद का शव घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना जामों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह आत्महत्या है या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# एक्सप्रेस-वे पर झपकी आने से कार टकराई, महिला घायल



एक्सप्रेस-वे पर घटना के बाद खड़ा क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 70 के पास रविवार को एक सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि चालक को अचानक नींद आ जाने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। हादसे में एक महिला घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार, कुशीनगर जनपद के थाना भरवा पट्टी क्षेत्र के रामपुर बरहन निवासी सौरभ अपने पिता सुखदेव का इलाज कराकर दिल्ली से गाजीपुर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें झपकी आ गई, जिससे उनकी कार नियंत्रण खो बैठी और सामने जा रही स्विफ्ट कार से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार उनकी माता शारदा देवी (54) घायल हो गईं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर डॉक्टरों ने उन्हें घर भेज दिया। हादसे में कार सवार सुखदेव और सौरभ के मित्र सुरजीत को कोई चोट नहीं आई।

### शिविर में जरूरतमंद बंदियों को बांटे गए चश्मे

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र, हरियाणा अध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान की इकाई की ओर से रविवार को जिला कारागार के बिमटेक पुस्तकालय एवं वाचनालय में नि:शुल्क नेत्र, ईएनटी एवं समग्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्रा की प्रेरणा तथा जेल अधीक्षक प्रभात सिंह एवं जेलर हिमांशु रौतेला के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में लगभग 200 से अधिक बंदियों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श, नि:शुल्क दवाएं एवं जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए गए। शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एके द्विवेदी एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नीरज सैनी ने बंदियों की आंख, नाक, कान एवं गला संबंधी रोगों का गहन परीक्षण कर उपचार किया। वहीं शिविर में कारागार के डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. मनीष मिश्रा सहित चिकित्सकीय टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस दौरान जरूरतमंद बंदियों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर रामराज गिरी, महेंद्र अग्रवाल, देवेंद्र नाथ मिश्रा, प्रकाश नारायण पाठक, प्रदीप पांडेय, रामानुज मिश्रा, भगवत प्रताप सिंह, सज्जन अवस्थी, संजू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद पदाधिकारी व चिकित्सक।

### जनगणना को लेकर प्रशिक्षण शुरू

**छतोह (रायबरेली)।** नगर पंचायत नसीराबाद में भारतीय जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के अध्यापक, अनुदेशक एवं शिक्षामित्र भाग लेकर जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को सुचारु, सटीक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है। इस अवसर पर शिव कुमार त्रिपाठी, ब्रजेश बहादुर सिंह, रंजना श्रीवास्तव, मीनाक्षी, दिलीप कुमार कश्यप, सुसेन्द्र कुमार, शकुंतला देवी, सुमन, संध्या सिंह, एकता सिंह, संगीता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### सीएमओ ने किया कई आरोग्य मेले का निरीक्षण




आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में बढ़ती गर्मी और तेज धूप का असर अब मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों पर भी साफ नजर आने लगा है। रविवार को आयोजित मेले में मरीजों की संख्या में कमी दर्ज की गई, बावजूद इसके जिले के सभी 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 1442 मरीजों का उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलाईपुर और सरेसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी स्टाफ अपनी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। मेले में 654 पुरुष, 642 महिलाएं और 146 बच्चों ने स्वास्थ्य जांच कराई और दवाएं प्राप्त कीं। इस दौरान गंभीर रूप से बीमार 17 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया, जबकि 57 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। सीएमओ ने बताया कि मेले को सफल बनाने के लिए 53 डॉक्टरों और 257 पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई थी, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पिछले आयोजनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 6 अप्रैल को 1851, 12 अप्रैल को 1811 और 19 अप्रैल को 1618 मरीजों ने मेले में पहुंचकर उपचार कराया था। हालांकि, जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, उसी अनुपात में मेले में आने वाले मरीजों की संख्या घटती जा रही है।

### 42 डिग्री पार पहुंचा पारा, गर्मी से लोग बेहाल

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में हीट वेव का असर अब साफ नजर आने लगा है। रविवार को अमेठी में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी के चलते बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग धूप से बचने के लिए दुकानों और पेड़ों की छांव में खड़े दिखाई दिए। वहीं दूसरी ओर होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी और उनके परिजन अमेठी बस स्टॉप पर कैंटीन के पास बैठकर छांव तलाशते नजर आए। लेकिन बस स्टॉप परिसर में लगा पंखा बंद पड़ा रहा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में और दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। जहां एक तरफ दफ्तरों में अधिकारी एसी, कूलर और पंखों का सहारा ले रहे हैं, वहीं बस स्टॉप पर बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अभ्यर्थी और यात्री गर्मी का सीधा असर झेलते दिखे।

**समस्या**

## लाखों रुपये खर्च कर केंद्रों का कराया गया निर्माण, नहीं शुरू हुआ संचालन

# शोपीस बने आरआरसी सेंटर, गांवों में बढ़ती गंदगी से लोग परेशान

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** अमेठी जनपद के विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बनाए गए रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) अपनी उपयोगिता साबित करने में नाकाम नजर आ रहे हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर इन केंद्रों का निर्माण कराया गया, लेकिन संचालन शुरू न होने के कारण ये केंद्र शोपीस बनकर रह गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई गांवों में आरआरसी सेंटर का निर्माण तो पूरा हो चुका है, लेकिन उन पर ताले लटके हुए हैं और कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। नतीजतन गांवों और बाजारों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे स्वच्छता अभियान पर सवाल खड़े हो रहे हैं।क्षेत्र के मधुपुर खदरी, कंसापुर, मिश्रौली बड़गांव, गोरखापुर, भैरोपुर, इंटौरी, नवादा कनू, सरैया कनू, सोनारी कनू, बदलापुर, तारापुर, शुकुलपुर, सहजीपुर, गूजीपुर समेत कई ग्राम पंचायतों में भवन तैयार होने के बावजूद संचालन शुरू नहीं किया गया है। इन केंद्रों पर "ठोस अपशिष्ट प्रबंधन" के बोर्ड जरूर लगे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में यह व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है।ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर ई-रिक्शा, डस्टबिन और अन्य संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन ऑपरेटर और संचालन व्यवस्था के अभाव में कूड़ा एकत्रित केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहा है। कुछ आरआरसी केंद्रों के आसपास पानी और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थिति और भी बदतर हो गई है।वहीं, सरैया बड़गांव, बड़गांव, मुहीबसाह, धोएं, करनाईपुर और चण्डेरिया जैसे गांवों में अब तक आरआरसी भवन का निर्माण भी नहीं कराया गया है, जिससे वहां के ग्रामीणों को इस योजना का लाभ मिलना दूर की बात बनी हुई है।

परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरआरसी केंद्रों का संचालन शुरू कराया जाए, कर्मचारियों की तैनाती की जाए और कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि गांवों में बढ़ती गंदगी से राहत मिल सके और स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य पूरा हो सके।



शोपीस बना आरआरसी सेंटर।

### आधी-अधूरी सड़क से नाराज ग्रामीण, निष्पक्ष निर्माण की उठाई मांग

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** अमेठी जनपद के विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के राजस्व गांव मल्लूपुर में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराज़गी देखने को मिल रही है। गांव के दर्जनों लोगों ने प्रशासन से अधूरी सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य को निष्पक्ष तरीके से पूरा कराने की मांग की है।ग्रामीण रामेंद्र पांडे ने बताया कि बीते कई वर्षों से राम्मू कोरी के घर से लेकर कमल किशोर वर्मा के घर होते हुए प्राथमिक विद्यालय मल्लूपुर तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी अमेठी से सड़क सुदृढ़ीकरण की मांग की गई थी।उन्होंने बताया कि वर्तमान में सड़क निर्माण कार्य शुरू तो किया गया है, लेकिन कार्य अधूरा और कथित रूप से अनियमित तरीके से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और केवल आंशिक हिस्से को ही तैयार किया जा रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लगभग 200 मीटर लंबी सड़क का सुदृढ़ीकरण पूरी गुणवत्ता और निष्पक्षता के साथ कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य को सही तरीके से पूरा नहीं कराया गया, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को बाध्य होंगे।

